# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025







## माताओं- बहनों की खुशहाली ही है विष्णु देव का

# संकल्प रक्षाबंधन



एक बहन के लिए भाई उसके सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि की कामना करता है, ताकि वह खुशहाल जीवन जी सके। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश की माताओं- बहनों के प्रति इसी संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता से काम रही है। बैंक खाते में नगद राशि के साथ 'महतारी वंदन योजना' उन्हें आत्मनिर्भरता और सम्मान दिला रही है। प्रदेश की लाखों महिलाएं 'लखपति दीदी' बनकर समृद्धि का रास्ता तय कर रही हैं। महिला सशक्तिकरण की योजनाओं से प्रदेश में महिलाओं के अंदर अब जो सुरक्षा का भाव पैदा हुआ है, वह उन्हें एक नया आत्मविश्वास दिला रहा है।

*भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का पर्व 'रक्षाबंधन' हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस दिन बहनें मंगल कामना के साथ अपने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधती हैं और भाई उनकी रक्षा का वचन देते हैं। यह त्यौहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत बनाता है। रक्षाबंधन का त्यौहार अपनी बहनों के साथ ही सभी महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और अस्मिता के लिए जागरूक और प्रतिबद्ध करता है। हमारी सरकार उनकी सुरक्षा, सम्मान, समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है।*

**-विष्णु देव साय**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## सशक्त महिलाएं समृद्ध छत्तीसगढ़



हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

### महतारी वंदन योजना
अब तक 69.19 लाख से अधिक महिलाओं को ₹11728 करोड़ की सहायता

### सखी वन स्टॉप सेंटर
SOP लागू करने वाला पहला राज्य, संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल सहायता, परामर्श और कानूनी सहायता

### यूनिटी मॉल
महिला स्व-सहायता समूहों को नवा रायपुर में उत्पादों के विक्रय के लिए मिलेगा वृहद बाजार

### मानदेय सीधे बैंक खातों में
आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय अब सीधे बैंक खातों में भुगतान से पारदर्शिता

### महतारी सदन
ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में उद्यम- व्यवसाय केंद्र की स्थापना

### छत्तीसगढ़ महिला कोष
महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास हेतु वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण

### सक्षम योजना
विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा और अविवाहित महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में सहायता

### लखपति दीदी योजना
योजना का उद्देश्य प्रत्येक जिले में 35,000 महिलाओं को प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता देकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करना

### बिहान योजना
इसका उद्देश्य ग्रामीण गरीब परिवारों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संगठित करना

### मिनीमाता महतारी जतन योजना
पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों को प्रसव के बाद 20,000 की आर्थिक सहायता

### मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना
18 से 50 वर्ष की महिला श्रमिकों को सिलाई मशीन हेतु सहायता

### महिला कल्याण के लिए चार नए पोर्टल
- शी- बाक्स ऑनलाइन शिकायत पोर्टल
- बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ पोर्टल
- महिलाओं से जुड़े बुनियादी ढांचे के विकास और निगरानी के लिए इंफ्रा पोर्टल
- महिला कल्याण की विभिन्न योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन के लिए स्थापना पोर्टल

## सम्मान
### खिलेश्वरी को मिली आर्थिक सुरक्षा

रायपुर जिले के बनरसी गाँव निवासी खिलेश्वरी ओगरे बिहान शारदा ग्राम संगठन समूह से जुड़ी हैं। महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली 1,000 रुपये की सहायता से वे अब आर्थिक सुरक्षा का अनुभव कर रही हैं। वह बताती हैं कि पहले परिवार का भरण-पोषण मुश्किल था, लेकिन अब यह राशि उनके खाते में जमा रहती है, जो विपरीत परिस्थितियों में सहारा बनती है। वे कहती हैं, "महीने के अंत में जब पैसे खत्म हो जाते हैं तो इस 1,000 रुपये से हमें बहुत मदद मिलती है। मैं मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करती हूँ।" खिलेश्वरी, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बिहान समूह से भी जुड़ी हैं। इस समूह से जुड़कर उनके जैसी ही कई महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की राह पर चल रही हैं।



## सुरक्षा
### सुरक्षित मातृत्व के लिए सहायता

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत् पहली बार माँ बनने वाली महिलाओं को दो किस्तों में सहायता राशि दी जाती है। पहली किस्त में 3000 रुपए दिए जाते हैं और दूसरी किस्त में 2000 रुपए की राशि प्रसव के बाद टीकाकरण की पुष्टि होने पर दी जाती है। महासमुंद के इमलीभाठा में रहने वाली गायत्री देवांगन ऐसी ही एक महिला हैं। जब उन्हें इस योजना के तहत 5000 रुपए की राशि मिली, तो उन्होंने इस राशि का उपयोग अपने अच्छे स्वास्थ्य और पोषण पर किया। इसके साथ ही उन्हें राज्य सरकार की कौशल्या मातृत्व सहायता योजना के अंतर्गत दूसरी बार गर्भवती होने पर 6000 रुपए की अतिरिक्त सहायता प्राप्त हुई।



## समृद्धि
### सफल कारोबारी के रूप में मिली पहचान

एक सामान्य परिवार से आने वाली नीतू गुप्ता ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत लक्ष्मी स्वसहायता समूह से जुड़कर बैंक लिंकेज के माध्यम से एक लाख रुपए का मुद्रा लोन लेकर किराने की दुकान खोली। नीतू सिलाई का कार्य भी करती हैं। साथ ही अपने पति श्री सुनील गुप्ता के साथ खेती कार्य में भी उनका साथ देती हैं। नीतू ने लोन से लिए हुए पैसों से कारोबार शुरू किया और अपनी मेहनत और हुनर के दम पर अब एक सफल कारोबारी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। वे अब अपने बच्चों का पालन पोषण अच्छी तरह से कर पा रही हैं। वे आज लखपति दीदी बन गई हैं।



## समानता
### व्यंजन बनाने की रुचि ने बनाया आत्मनिर्भर

25 वर्षीया पायल नेताम ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत चार लाख रुपये का ऋण लेकर बेकरी की दुकान खोली। वे बेकरी व्यवसाय से अच्छी-खासी आमदनी हासिल कर रही हैं। साथ ही दो लोगों को रोजगार भी दिया है। पायल केक तैयार कर आसपास के गांवों में ऑर्डर अनुसार भेजती हैं। इससे उन्हें प्रतिदिन दो से तीन हजार रुपये तक शुद्ध आय हो जाती है। इससे उन्हें समाज में समानता और आत्मनिर्भरता वाली पहचान मिली है। पायल ने अपने हुनर और कौशल के साथ शासकीय योजना का लाभ लेकर अपने आप को अब सफल कारोबारी के रूप में स्थापित कर लिया है।



## सशक्तीकरण
### पुष्पा के हौसलों को मिली उड़ान

पुष्पा यादव 20 दिनों का ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद गांवों के खेतों में फसलों पर ड्रोन चलाकर कीटनाशक का छिड़काव करती हैं। प्रति एकड़ कीटनाशक छिड़काव करने पर उन्हें 300 रुपए की आय होती है। विगत डेढ़ माह में ही वह 26 हजार रुपए की आय अर्जित कर चुकी हैं। वे कहती हैं कि स्वयं की खेती, पशुपालन, नरेगा मैट, ड्रोन पायलेट का कार्य कर सालभर में 1 लाख 50 हजार रुपए से अधिक कमा रही हूं। अब पुष्पा को नई पहचान मिली है। गांव वाले उन्हें ड्रोन दीदी पुष्पा के नाम से जानने लगे हैं। पुष्पा की आत्मनिर्भरता देखकर गांव की अन्य महिलाएं भी प्रोत्साहित हो रही हैं और उन्हें भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है।



## सहभागिता
### साथ मिलकर तरक्की की राह पर

छत्तीसगढ़ का 'जशप्योर ब्रांड' जो आदिवासी महिलाओं द्वारा बनाए गए उच्च गुणवत्ता वाले और स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों को बाजार में प्रस्तुत करता है। अब यह ब्रांड केवल स्थानीय बाजार तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे भारत में अपनी जगह बना चुका है, चाहे वह ऑनलाइन हो या ऑफलाइन। समूह से जुड़ी कई महिलाएं आज पूरी आत्मनिर्भरता के साथ सम्मान पूर्वक जीवन जी रही हैं। जशप्योर आदिवासी महिलाओं का सशक्तिकरण और उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारने का सफल प्रयास है। इसके माध्यम से इन महिलाओं को रोजगार का अवसर मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली है।






# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025







सीएम ने कहा- तो किसानों को वापस कर देंगे जमीन

# 49 साल पहले 29 लाख में स्वीकृत हुई हल्दीमुंडा योजना, अब लागत हो गई 79 करोड़, खफा सीएम के सख्त तेवर

हरिभूमि न्यूज रायपुर

विशेष खबर

छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में 49 साल पहले शुरु हुई एक सिंचाई परियोजना जिसकी लागत उस समय 29 लाख रुपए थी, यह योजना अब तक पूरी नहीं हो पाई है। वहीं करीब पांच दशक पुरानी योजना की लागत अब 79 करोड़ रुपए हो गई है। जलसंसाधन विभाग की समीक्षा बैठक में जब ये मामला सामने आया तो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सख्त नाराजगी सामने आ गई। मुख्यमंत्री सामान्य तौर पर बैठकों में सौम्य बने रहते हैं,उनके स्वाभाव में शालीनता होती है, लेकिन पिछले दिनों हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री के तेवर देखकर विभाग के ▶▶|शेष पेज 6 पर

## किसानों को न सिंचाई का लाभ मिला न हो पाई खेती



### ये है मामला सिंचाई परियोजना का

जशपुर के हल्दीमुंडा में अब से 49 साल पहले सिंचाई की परियोजना स्वीकृत हुई थी। इस योजना के लिए किसानों से जमीनें ली गईं थी। लेकिन योजना अब तक पूरी नहीं हो सकी है। अफसरों के इस रवैये पर नाराज होते हुए सीएम श्री साय ने कहा कि अगर ये काम पूरा नहीं हो रहा है तो वहां परियोजना के लिए खोदे गए गढ्डे को समतल करवाकर किसानों से ली गई जमीने वापस किसानों को सौंप देंगे। श्री साय के तेवर देख अफसर ▶▶|शेष पेज 6 पर

### अफसरों के रवैये से सीएम भड़के

बताया गया है कि इस सिंचाई परियोजना के प्रारंभ न होने के मामले को लेकर सीएम साय ने अफसरों को काफी खरी-खोटी सुनाई। कहा कि 49 साल का समय योजना पूरी करने के लिए लग गया। इससे विभाग के अफसरों के रवैये का पता लगता है। इसके साथ ही योजना के तहत किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिला। न परियोजना के लिए ली गई जमीन पर खेती हो सकी। और साथ ही लागत 49 साल में बढ़कर 78 करोड़ हो गई। इसी नाराजगी के बीच मुख्यमंत्री ने अफसरों से ये भी कहा कि अगर योजना पूरी नहीं की गई तो वहां खोदे गए गढ्डे पाट कर जमीन किसानों को वापस कर देंगे। बताया गया है कि जशपुर जिले में 12 परियोजनाएं अभी अधूरी हो दशकों बाद भी पूरी नहीं हो पाई है।

# राहुल बोले- मोदी 'वोट चोरी कर' पीएम बने आयोग ने कहा- लिखित में दें या माफी मांगें

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बेंगलुरु में रैली में मतदाता सूची में कथित धांधली के मुद्दे पर दावा किया कि यदि चुनाव आयोग इलेक्ट्रॉनिक डेटा उपलब्ध करा दे तो कांग्रेस यह साबित कर देगी कि नरेन्द्र मोदी 'वोट चोरी करके' देश के प्रधानमंत्री बने हैं। वहीं राहुल गांधी के इस आरोप के बाद चुनाव आयोग ने कहा कि यदि कांग्रेस नेता को लगता है कि उनके आरोप सही हैं तो उन्हें घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करना चाहिए और अगर गांधी घोषणापत्र पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं तो इसका मतलब होगा कि उन्हें अपने विश्लेषण और उससे निकले निष्कर्षों एवं ''बेतुके आरोपों'' पर विश्वास नहीं है तथा ऐसी स्थिति में उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव आयोग से डिजिटल मतदाता सूची और मतदान केंद्रों के सीसीटीवी फुटेज मांगे गए तो उसने इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि इसके बाद बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची का अध्ययन किया गया। राहुल गांधी ने कहा, यह साबित हो गया कि लोकसभा चुनाव में कर्नाटक में भाजपा ने वोट की चोरी की है। उन्होंने दावा किया कि महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के विश्लेषण से स्पष्ट हो गया है कि हर छह वोट में से एक वोट की चोरी की गई है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### चुनाव आयोग ने कहा- क्यों नहीं दे रहे शपथ पत्र

चुनाव आयोग ने कहा कि राहुल गांधी को अपने विश्लेषण पर विश्वास है और उन्हें लगता है कि आयोग के खिलाफ लगाए गए उनके आरोप सही हैं तो उन्हें चुनावी नियमों के तहत घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने एवं मतदाता सूची में गलत तरीके से जोड़े गए या हटाए गए नामों को प्रस्तुत करने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।



### चुनाव आयोग डेटा हमारे हवाले करे

राहुल ने कहा, कांग्रेस चुनाव आयोग से इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज और वीडियो रिकॉर्डिंग मांग रही है, ले वे दे नहीं रहे हैं। अगर आयोग हमें ये चीजें दें तो हम साबित कर देंगे कि सिर्फ कर्नाटक में 1 सीट नहीं बल्कि पूरे हिंदुस्तान में सीट चोरी हुई है। उन्होंने कहा, पूरे देश को ये सवाल पूछना चाहिए कि चुनाव आयोग इलेक्ट्रॉनिक डेटा और वीडियो रिकॉर्डिंग क्यों नहीं दे रहा है? चुनाव आयोग को ये डेटा हमारे हवाले कर देना चाहिए।

भाजपा ने दी अपनी प्रतिक्रिया

### कांग्रेस को उनकी चिंता करनी चाहिए: भाजपा नेता

भाजपा की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि ''वोट चोरी'' संबंधी उनका बयान ''गैरजिम्मेदाराना'' है। खंडेलवाल ने कहा अगर परिवार में किसी को कोई समस्या है और अगर कोई ''मानसिक रूप से बीमार'' होता है तो पूरे परिवार को उसकी चिंता करनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''मुझे तो लगता है कि कांग्रेस के लोगों को उनकी चिंता करनी चाहिए कि आखिर वह इस तरह के बयान क्यों दे रहे हैं?

### अधिकार रैली राजनीतिक नौटंकी : कर्नाटक भाजपा

भारतीय जनता पार्टी कर्नाटक की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने बेंगलुरु में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में हुई 'वोट अधिकार रैली' को एक ''राजनीतिक नौटंकी'' करार दिया। विजयेंद्र ने कहा कि वह हताशा में ये बयान दे रहे हैं। राहुल के पास 2024 में चुनाव परिणाम घोषित होने के 45 दिन के भीतर शिकायत दर्ज कराने का अवसर था, लेकिन उन्होंने इसका उपयोग नहीं किया और अब आरोप लगा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### चीन में अचानक आई बाढ़ से 10 मृत, 33 लापता

**बीजिंग।** चीन के उत्तर-पश्चिमी गांसू प्रांत के युझोंग काउंटी में अचानक आई बाढ़ के कारण कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग लापता हो गए। चीन की सरकारी मीडिया के अनुसार भारी बारिश के कारण लान्झोउ शहर के निकट पहाड़ी क्षेत्रों में अचानक बाढ़ आ गई और भूस्खलन हुआ। मूसलाधार बारिश के कारण जिंगलोंग पर्वतीय क्षेत्र के चार गांवों के 4,000 से अधिक लोगों का संपर्क टूट गया।

### चंबा में कार के खाई में गिरने से छह की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में एक कार के 500 मीटर गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार एक ही परिवार के पांच लोगों समेत छह व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। इसमें एक ऐसा व्यक्ति भी मारा गया जिसको कार वालों ने लिफ्ट दी थी। पुलिस ने बताया केि यह दुर्घटना चंबा जिले के तीसा उपमंडल में चनवास के पास उस समय हुई जब एक सरकारी स्कूल का शिक्षक अपने परिवार के साथ बनीखेत से अपने घर लौट रहा था।

## धराली बर्बाद... 50 फीट मलबे में सांसों की तलाश अब भी



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी के धराली गांव में चार दिनों पहले विनाशकारी आपदा आई थी। इस आपदा में कई लोगों की जान ले ली तो कई घर, होम स्टे और रेस्टोरेंट बाढ़ में तबाह हो गए। आपदा स्थल से लोगों की मार्मिक तस्वीरें और वीडियो आईं। वहीं दूसरी ओर लोगों को बचाने के लिए सरकार द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक शुक्रवार दोपहर तक 128 लोगों को बचाया गया। मंगलवार से अब तक कुल 566 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। फ्लैश फ्लड में अब तक चार लोगों की मौत हो गई, इनमें दो शव बुधवार को मिले हैं।

### जोरशोर से हो रहा रेस्क्यू अभियान

यूएसडीएमए के अनुसार, रेस्क्यू अभियान तेजी से चलाया जा रहा है. ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक मदद पहुंचाया जा सके. राहत कार्यों में कुल 800 जवान लगे हुए हैं. इनमें कई एजेंसियां भी शामिल हैं, जैसे - आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस के जवान। राहत कार्यों में स्निफर डॉग्स और रडार की मदद ली जा रही है ताकि मलबे में फंसे लोगों और शवों को ढूंढा जा सके।

## सलमान को बुलाया इसलिए कपिल के कैफे पर हमला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कनाडा स्थित कपिल शर्मा के कैफे पर हाल ही में हुई फायरिंग को लेकर अब लॉरेंस विश्नोई गैंग की तरफ से एक बड़ा दावा सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक गैंग के सदस्य हरि बॉक्सर ने इस हमले की वजह खुद एक ऑडियो क्लिप के जरिए बताई है, जिसमें उसने कहा है कि कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग इसलिए की गई क्योंकि उन्होंने अपने कैफे के उद्घाटन में सलमान खान को बुलाया था। कनाडा के सरे शहर में स्थित कपिल शर्मा का कैफे 'कैप्स कैफे' दूसरी बार फायरिंग का शिकार हुआ है। इससे पहले जुलाई महीने में भी इसी कैफे पर हमला हुआ था। ताजा हमले के बाद ऑडियो में लॉरेंस विश्नोई गैंग का सदस्य हरि बॉक्सर, सीधे तौर पर धमकी देता सुनाई दे रहा है कि 'जो भी सलमान खान के साथ काम करेगा, उसका यही हाल होगा।' हालांकि इस ऑडियो क्लिप की पुष्टि जनसत्ता नहीं करता है।

- लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

### 'अबकी बार वार्निंग नहीं मिलेगी, सीधे एके-47 चलेगी'

ऑडियो में हरि बॉक्सर कहता है कि अगली बार जो भी डायरेक्टर, प्रोड्यूसर या एक्टर सलमान खान के साथ काम करेगा, उसे पहले से कोई चेतावनी नहीं दी जाएगी– सीधे छाती पर एके-47 से फायरिंग होगी।यह मुंबई के छोटे-मोटे कलाकारों और प्रोड्यूसर्स के लिए एक खुली चेतावनी है। हरि बॉक्सर का दावा है कि वह अब मुंबई का माहौल खराब करेगा और जो भी सलमान के साथ पेशेवर रूप से जुड़ा होगा, उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उसने कहा कि कोई नहीं बचेगा और अगर किसी ने सलमान खान के साथ काम किया तो वो खुद अपनी मौत का ज़िम्मेदार होगा।






बोर्ड ने जारी की सख्त चेतावनी, धोखाधड़ी करने वाले स्कूल-छात्रों पर होगी कार्रवाई

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बैठने के लिए 75 फीसदी अटेंडेंस जरूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति नहीं रही, तो केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के तहत संचालित स्कूलों के 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राएं वार्षिक परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे। जिन छात्रों की उपस्थिति कम है,उन्हें अगले पांच महीनों में इसे पूरा करना होगा। नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित होकर लक्ष्य को हासिल करने का अवसर उपलब्ध है। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि उपस्थिति में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी स्कूल या छात्र द्वारा धोखाधड़ी किए जाने की बात सामने आती है, तो उनके खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




### केवल इन परिस्थितियों में मिलेगी छूट

सीबीएसई के स्कूलों के 10वीं और 12वीं के छात्रों को यह कड़ी चेतावनी परीक्षा से पहले दी गई है। हालांकि, सीबीएसई ने कुछ विशेष परिस्थितियों में छूट देने की बात कही है, इनमें आपातकालीन परिस्थिति, परिवार से किसी के निधन और मान्यता प्राप्त खेलों में प्रतिभाग करने की स्थिति में छूट दी जाएगी। आपातकालीन चिकित्सा उपचार, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में भागीदारी, अथवा अन्य गंभीर कारणों के लिए यदि छात्र आवश्यक दस्तावेज (जैसे मेडिकल सर्टिफिकेट, प्रेस्क्रिप्शन आदि) जमा करते हैं, तो 25 प्रतिशत तक उपस्थिति में छूट दी जा सकती है।

### ढाई महीने बचे हैं परीक्षा में

*परीक्षा में अब लगभग ढाई महीने ही बचे हैं, ऐसे में छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को इस उपस्थिति संबंधी नियम को लेकर विशेष रूप से जागरूक रहना आवश्यक है। अगर किसी छात्र की उपस्थिति कम है और उन्होंने उचित प्रमाण पत्र नहीं जमा किया है, तो उन्हें परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*

## चिंतन

# संसद नहीं चलने देने से क्या हासिल हो पाएगा

संसद का मानसून सत्र लगातार विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ रहा है। 21 जुलाई से सत्र शुरू हुआ है, जो 21 अगस्त तक चलेगा। सरकार ने कई विधेयक पास कराने की तैयारी की है, लेकिन विपक्ष संसद नहीं चलने दे रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए कहीं से भी ठीक नहीं है। आखिर जनता की गाढ़ी कमाई कब तक यूं ही जाया होती रहेगी? संसद सत्र के शुरू होने से पहले ही सरकार ने आश्वासन दिया था कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर, एसआईआर, ट्रंप के दावे समेत कई मुद्दों पर चर्चा की मांग की थी। सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की, विपक्ष की मांग के अनुरूप दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर जवाब भी दिया गया, इसके बाद भी विपक्ष शांत नहीं हुआ। वह अभी भी हंगामा ट्रैक पर है। आज आठ अगस्त को भी विपक्षी दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर लोकसभा में हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के सदस्य सरकारी कामकाज तो बाधित कर ही रहे हैं, आज उन्होंने गैर सरकारी कामकाज को भी अवरुद्ध किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने दोहराया कि सरकार ने शुरू से कहा है कि नियमों के तहत वह हर मुद्दे पर सदन में चर्चा के लिए तैयार है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी कहा कि 'मैं आपसे पुनः आग्रह कर रहा हूं कि प्रश्नकाल चलने दें। यह महत्वपूर्ण समय होता है। नारेबाजी करना संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं है। देश की जनता देख रही है कि नियोजित तरीके से सदन को कैसे बाधित किया जा रहा है।' राज्यसभा में भी यही स्थिति रहती है। सदन में चर्चा कम और हंगामा अधिक होता है। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हैं, आसन के नजदीक चले जाते हैं, नियम के विपरीत चर्चा की मांग करने लगते हैं, प्रश्नकाल नहीं चलने देते हैं। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर जारी गतिरोध का जिक्र करते हुए शुक्रवार को बताया कि 'वर्तमान सत्र में लगातार हंगामे की वजह से सदन का अब तक 56 घंटे 49 मिनट का समय बर्बाद हो चुका है।' उच्च सदन में आज भी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए दिए गए नोटिस आसन द्वारा खारिज किए जाने के विरोध में विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण बैठक शुरू होने के दस मिनट बाद ही दोपहर बारह बजे तक और बारह बजे शुरू होने पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे की वजह से सदन में आज भी शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया। उपसभापति हरिवंश ने बताया कि विभिन्न मुद्दों पर नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा करने के लिए उन्हें नियम 267 के तहत 20 नोटिस मिले हैं। वर्तमान सत्र में रास सदस्यों के पास आज तक 195 तारांकित प्रश्न, शून्यकाल के तहत लोक महत्व से जुड़े 195 मुद्दे तथा विशेष उल्लेख के जरिये 195 महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने का अवसर था लेकिन अब तक केवल 13 तारांकित प्रश्न, शून्यकाल के तहत सिर्फ पांच मुद्दे तथा विशेष उल्लेख के जरिये मात्र 17 मुद्दे ही उठाए गए हैं। यह पहली बार नहीं है, बल्कि पिछले दो दशक से ऐसा ही हो रहा है। विपक्ष में जो भी दल रहे हों, संसद सत्र के दौरान व्यवधान उत्पन्न करते रहे हैं। संसद सत्र को अधिक उपयोगी बनाने की जरूरत है। अब जितने भी दिन सत्र बचे हैं, पक्ष व विपक्ष कोशिश करें कि सत्र चल सकें व जनोपयोगी मुद्दों पर चर्चा हो सके व विधेयक पास हो सकें।



विमर्श
आलोक शुक्ला

# मतदाता सूचियों में पारदर्शिता जरूरी

**विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक पत्रकार वार्ता में देश की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महादेवपुरम विधान सभा क्षेत्र की वर्ष 2024 की मतदाता सूची का विश्लेषण करने पर 1,00,250 फर्जी नाम मिले। इस पर निर्वाचन आयोग की जो प्रतिक्रिया आई है, वह न तो उचित कही जा सकती है और न ही कानूनी रूप से सही है। अच्छा होता कि भारत निर्वाचन आयोग इस प्रकार का पत्र व्यवहार न करते हुए राहुल गांधी के विश्लेषण पर अपनी तथ्यपूर्ण प्रतिक्रिया देता और उनके विश्लेषण की त्रुटियों को उजागर करता। ऐसा न करने से आयोग की विश्वसनीयता ही कम होती दिख रही है।**

सात जुलाई को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक पत्रकार वार्ता में देश की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महादेवपुरम विधान सभा क्षेत्र की वर्ष 2024 की मतदाता सूची का विश्लेषण करने पर 1,00,250 फर्जी नाम मिले। इनमें से 11,965 मतदाता डुप्लीकेट थे, 40,009 मतदाताओं के पते फर्जी थे, 10,452 के नाम बड़ी संख्या में किसी एक ही पते पर दिखाए गए थे। 4,132 मतदाताओं की फोटो पहचानना संभव नहीं था और 33,692 मतदाताओं के नाम फार्म 6 का दुरुपयोग करके मतदाता सूची में जोड़े गए थे। राहुल गांधी की इस पत्रकार वार्ता से राजनीतिक भूचाल आ गया है और चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर एक राष्ट्रीय बहस भी शुरू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर उनसे मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 20(3)(बी) के अंतर्गत शपथ के साथ घोषणा पत्र देने का आग्रह किया है।

राहुल गांधी का पहला आरोप तो यह है कि भारतीय जनता पार्टी को चुनावों में मदद करने के लिए महादेवपुरम विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर फर्जी वोटरों का पंजीकरण जानबूझकर किया गया है। दूसरा आरोप यह है कि इन फर्जी वोटरों ने भाजपा के पक्ष में वोट डाले और इस प्रकार निर्वाचन आयोग की मदद से भाजपा ने चुनाव को चुरा लिया। भाजपा ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत, राजनीति से प्रेरित और देश के लिए अहितकर बताया है। राजनीतिक दल होने के कारण भाजपा से ऐसी ही राजनीतिक प्रतिक्रिया की अपेक्षा भी थी। परन्तु निर्वाचन आयोग की जो प्रतिक्रिया आई है, वह न तो उचित कही जा सकती है और न ही कानूनी रूप से सही है। नियम 23(3)(बी) के अंतर्गत निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के आदेश के विरुद्ध अपील करने का प्रावधान है, जिसके लिए 15 दिन की समय सीमा भी निर्धारित है। साफ है कि न तो इतने दिनों बाद अपील की जा सकती है और न ही राहुल गांधी अपील कर रहे हैं। राहुल गांधी ने तो एक राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वयं उपलब्ध कराई गई मतदाता सूची का विश्लेषण करते हुए जानबूझकर फर्जी नाम जोड़े जाने के आरोप लगाए हैं। अच्छा होता कि भारत निर्वाचन आयोग इस प्रकार का पत्र व्यवहार न करते हुए राहुल गांधी के विश्लेषण पर अपनी तथ्यपूर्ण प्रतिक्रिया देता और उनके विश्लेषण की त्रुटियों को उजागर करता। ऐसा न करने से निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता ही कम होती दिख रही है। राहुल गांधी विपक्ष के नेता के जिम्मेदार पद पर हैं इसलिए इस आलेख में उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए डेटा को सही मानते हुए उसका तथ्यपूर्ण विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। यह आलेख इस बात का प्रयास करता है कि निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को पक्षपातपूर्ण न मानते हुए मतदाता सूची में राहुल गांधी दिखाई गई विसंगतियां के कारणों को समझा जाए।

मतदाता सूची में डुप्लीकेट नाम और फार्म 6 का दुरुपयोग, यह दोनों लगभग एक समान आरोप हैं, इसलिए इन पर एक साथ विचार करेंगे। दरअसल बेंगलुरु जैसे मेट्रो शहरों में डुप्लीकेट नामों की समस्या



लंबे समय से चली आ रही है। इन शहरों में लोग अक्सर किराये के मकानों में रहते हैं। मकान मालिक अधिकतर 11 महीनों के लिए किरायानामा करते हैं और उसके बाद किरायेदार पर मकान खाली करने का दबाव डालते हैं। मेट्रो शहरो में बड़ी संख्या में लोग दूसरे शहरों से आते हैं और जल्दी-जल्दी जॉब बदलने के कारण अपना पता भी बदलते रहते हैं। यह लोग नए पते पर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा तो लेते हैं, परन्तु पुराने स्थापन से अपना नाम कटवाते नहीं हैं। जब इनके परिवार साथ में रहते हैं, तो बूढ़े मां-बाप का नाम भी मतदाता सूचियों में 2 स्थानों पर जुड़ जाता है। निर्वाचन आयोग चुनाव के ठीक पहले मतदाताओं के नाम जोड़ने की मुहिम भी चलाता है जिसके कारण भी ऐसे डुप्लीकेट नामों की संख्या में काफी वृद्धि हो रही है। हालांकि फार्म-6 में यह घोषणा की जाती है कि नाम जुड़वाने का आवेदन देने वाले व्यक्ति का नाम अन्य किसी स्थान की मतदाता सूची में नहीं है, परन्तु कोई भी इस घोषणा को गंभीरता से नहीं लेता है और लोगों के नाम अनेक स्थानों पर जुड़ते ही जाते हैं। फर्जी पते और एक ही मकान में बहुत अधिक नामों के होने का कारण दरअसल यह है कि निर्वाचन आयोग ने ऐसे सभी लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के आदेश जारी किए हैं जिनका कोई स्थाई पता नहीं है। आयोग का यह फैसला ऐसे गरीब मजदूरों के पक्ष में है जिनके पास रहने के लिए कोई मकान नहीं है और जो फुटपाथ पर भी जीवन काटने के लिए मजबूर हैं। मेट्रो शहरों में लगातार चल रहे निर्माण कार्यों के कारण ऐसे लोगों की बड़ी संख्या होती है। इन गरीबों को अक्सर नगर निगम के अधिकारी और पास के गुंडे फुटपाथ पर उनके रहने के स्थान से भगाते रहते हैं। इस कारण वे अपने रहने का स्थान बदलते रहते हैं। ऐसे लोगों के नामों को फर्जी पते वाला कहा गया है। पहचान राहुल गांधी का तीसरा आरोप है कि बहुत से मतदाता ऐसे हैं जिनकी पहचान योग्य फोटो मतदाता सूची में नहीं है। दरअसल कुछ साल पहले तक मतदाता सूचियों में मतदाता की फोटो होती ही नहीं थी। आयोग ने जब फोटो जोड़ने का निर्णय लिया तो अधिकारियों ने फोटो एकत्रित करना प्रारंभ किया। बहुत सी फोटो अच्छी क्वालिटी की नहीं मिलीं। आयोग धीरे-धीरे अच्छी क्वालिटी की फोटो एकत्र करने का कार्य कर रहा है, पर यह कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है। आयोग के पास क्या विकल्प हैं - राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची के विश्लेषण का आसान स्पष्टीकरण आयोग दे सकता है। न जाने किस कारण से निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के साथ विवाद की स्थिति उत्पन्न करने की नीति अपनाई है। मेरा मानना तो यह है कि राहुल गांधी ने डुप्लीकेट नामों, फर्जी पते और खराब फोटो की जो सूचियां पत्रकार वार्ता में दिखाई थीं, वह सूचियां उनसे मांगकर निर्वाचन आयोग को उनमें शामिल प्रत्येक नाम की जांच अपने अधिकारियों से करा लेनी चाहिए और प्रत्येतक नाम के संबंध में उचित कारण देते हुए अपनी प्रतिक्रिया देनी चाहिए। हर भारतीय की यह अपेक्षा है कि त्रुटिहीन निर्वाचक नामावली तैयार की जाए। आयोग शायद इसी उद्देश्य से पहले बिहार में और फिर सारे देश में सघन पुनरीक्षण का कार्य करना चाहता है। परन्तु आयोग को यह समझना होगा कि जब तक नई और उन्नत तकनीक का प्रयोग करके प्रक्रिया में सुधार नहीं किया जाएगा, तब तक सघन पुनरीक्षण का कोई लाभ नहीं होने वाला है। अच्छा होगा कि निर्वाचन आयोग सूचना प्रौद्योगिकी के जानकारों की एक राष्ट्रीय समिति बनाए जिसमें सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी रखा जाये। यह समिति मतदाता सूचियों को शुद्ध रूप में बनाने और उनके रखरखाव के संबंध में जो सुझाव दे उन पर आयोग को खुले हृदय से विचार करना चाहिये और उसके बाद देशहित में फैसला लेना चाहिये।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

स्पेस स्टेशन
डॉ. रमेश ठाकुर



# अंतरिक्ष से मिसाइल अटैक की योजना बना रहे देश!

भविष्य में लड़ाई लड़ने के तरीके बदलने वाले हैं। पावरफुल मुल्क बंदूक, तोप, तलवारों या अन्य हथियारों से नहीं, बल्कि मिसाइलों से अंतरिक्ष में बने 'स्पेस स्टेशनों' से युद्ध की योजना बना रहे हैं। सुखद ख़बर यहां ये है कि भारत भी इस योजना से पीछे नहीं है। अन्य देशों की 'मिसाइल अटैक' वाली मंशाओं की संभावनाओं के बीच भारत ने भी अंतरिक्ष में अपना पैर जमा दिया है। सिर्फ दशक भर बाद किसी पराए नहीं, स्वनिर्मित 'अतंराष्ट्रीय स्पेस सेंटर' में उतरा करेंगे हमारे भारतीय अंतरिक्ष यात्री। इसके लिए भारतीय वैज्ञानिकों की कोशिशें अंतिम चरण में हैं। कुल मिलाकर अगर ये मिशन 10 सालों में मुकम्मल होता है, तो स्पेस में भी हम सफलता के झंडे गाड़ देंगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो द्वारा वर्ष-2035 तक अंतरिक्ष में खुद का 'इंटरनेशनल स्पेस सेंटर' बनाने का ऐलान किया जा चुका है। बीते दिनों बेशक शुभांशु शुक्ला नासा अधिकृत मिशन के जरिए स्पेस सेंटर में उतरे हों, पर भविष्य में जब कोई भारतीय अंतरिक्ष में यात्रा करेगा, तो वह अपने स्पेस सेंटर में ही लैंड करेगा। ऐसी सफलता निश्चित रूप से बदलते हिंदुस्तान की अकल्पनीय, करिश्माई व अनोखी कही जाएगी। पावरफुल देश अंतरिक्ष क्षेत्र को क्यों तवज्जो देने में लगे हैं? क्यों वहां नित नई तकनीकी शक्तियों के विस्तार में जुटे हैं? क्या भविष्य में 'स्पेस स्टेशन' के जरिए मिसाइल अटैक करने की कोई योजनाएं तो नहीं बनाई जा रही हैं? ऐसे तमाम सवाल लोगों के मन में कौंधने लगे हैं। सवाल उठने वाजिब इसलिए भी हैं, क्योंकि मौजूदा वक्त में ज्यादातर देश अपनी लड़ाइयां जमीन को छोड़कर हवाई मिसाइलों से लड़ने लगे हैं। ईरान, इजरायल, गाजा, फिलिस्तीन, यूक्रेन-रूस और अभी हाल में भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव में हुए सीजफायर इसके उदाहरण हैं। शायद वो वक्त दूर नहीं, जब आगामी लड़ाइयों की आहटें हमें सीधे अंतरिक्ष से सुनाई दिया करेंगी। ये बातें बेशक चौंकाने वाली हों, पर ऐसा मुमकिन होता दिखाई पड़ने लगा है। अंतरिक्ष स्टेशनों से युद्ध स्तर पर विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक शोधों में कुछ मुल्क बीते कुछ दशकों से लगे हुए हैं। अभी तक अंतरिक्ष में मात्र दो ही स्पेस स्टेशन हैं।

पहला, 'इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन' जिसे अमेरिका-रूस व अन्य देशों ने अपने साझा प्रयास से मिलकर तैयार किया है। वहीं, दूसरा स्पेस स्टेशन चीन का निजी है। हालांकि अब रूस, अमेरिका, भारत व एकाध और अन्य मुल्क अपने-अपने निजी 'स्पेस स्टेशन' बनाने के अंतिम चरणों में हैं। अगले 10 साल में भारत के अलावा रूस भी अपना स्पेस स्टेशन स्थापित कर लेगा। मकसद भले ही इन स्पेस स्टेशनों का प्रयोग वैज्ञानिक शोधों के लिए हो, लेकिन इस बात से इनकार नहीं कर सकते हैं कि इन स्पेस स्टेशनों के जरिए कुछ देश सैटेलाइट्स मिसाइलों से लड़ाइयां लड़ने की जुगत भिड़ा रहे हों? उनके पहुंचने का माध्यम इस बार भले ही 'एक्सिओम मिशन-4' क्यों न रहा हो? लेकिन भविष्य में ये निर्भरता खत्म होने को है। अंतरिक्ष में निजी स्पेस स्टेशन सिर्फ चीन का है, लेकिन उस दिशा में भारत भी करीब पहुंच चुका है। वर्ष 2009 में अमेरिका ने रूस के साथ एक करार किया था, जिसमें उन्होंने अपना अलग स्पेस स्टेशन बनाने का प्रस्ताव रखा था। उस प्रस्ताव की प्रासंगिकता अब समझ में आती है। अपने निजी स्पेस स्टेशन के जरिए अमेरिका अंतरिक्ष से मिसाइल से लड़ने की योजना बना रहा है। अंतरिक्ष में भी अपना एकछत्र राज करना चाहता है। धरती से अंतरिक्ष की दूरी करीब 62 मील है, जिसे पूरा करने में 28 घंटे लगते हैं। इतनी दूरी वाली मारक क्षमता वाली मिसाइल अमेरिका तैयार कर रहा है। अंतरिक्ष में 24 घंटे में 16 दफे सूर्योदय और 16 बार सूर्यास्त होता है। 90-90 मिनट की दिन और रातें होती हैं।

अंतरिक्ष स्टेशन 24 घंटे में पृथ्वी के चारों ओर लगभग 16 बार चक्कर लगाते हैं। इन सभी की पड़ताल अमेरिका कर चुका है। सैटेलाइट मिसाइलों का प्रयोग अतंरिक्ष से कैसे हो, इसके लिए नासा की रिसर्च बहुत पहले से जारी है। इसरो और नासा अंतरिक्ष में मानव जीवन, सांस, पानी होने की पड़तालों में भी जुटे हैं। पर, इसरो का अगला कदम सन-2035 में अंतरिक्ष में खुद का 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' स्थापित करने के अलावा वर्ष-2040 तक चंद्रमा पर मनुष्य को उतारना है। इसके लिए वह 'मिशन गगनयान' को लांच करने की घोषणा पहले ही कर चुका है। इस मिशन में लगे वैज्ञानिकों को विशेष स्पेस ट्रेनिंग दी जा रही है। इसरो अपने आगामी 'गगनयान मिशन' को अब तक के सबसे बड़े मिशन में गिन रहा है जिसकी तैयारियों में बीते कई वर्षों से देश के टॉप 400 अंतरिक्ष वैज्ञानिक लगे हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## 'छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूंढ़ते हैं दोष



संकलित
दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

## ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव



संकलित
प्रेरणा

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### लोगों में धन की भूख बढ़ी

आज भौतिकवादी और आधुनिक युग में कुछ लोगों को धन की इतनी भूख बढ़ रही है कि वो इसे पाने के लिए किसी भी हद तक गिर रहे हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने कहा है कि, धन एक वस्तु है जो ईमानदारी और न्याय से कमाई जाती है, और इसके विपरीत है अधर्म का खजाना। लेकिन आज बहुत से लोग अमीर बनने के चक्कर में बेईमानी, हेराफेरी, अनैतिकता की राह पर चल पड़ते हैं। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि गलत तरीकों से कमाई धन-दौलत ज्यादा दिन सुख नहीं दे सकती। कहते हैं कि जैसा खाओ अन्न वैसा हो मन। अगर हम बेईमानी कि कमाई से अन्न खरीद कर खाएंगे या अपने परिवार को खिलाएंगे तो क्या वो अन्न हमारे या हमारे परिवार के लिए उचित भोजन होगा? शायद नहीं। पाप की कमाई से अगर बच्चों का पालन-पोषण किया जाए तो इससे बच्चे पथभ्रष्ट ही होंगे। - विवेक चौधरी, बेमेतरा

## ट्रेंड

### उज्ज्वला योजना



रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व मोदी जी ने देश की करोड़ों बहनों को सौगात देते हुए 12,000 करोड़ की लागत से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री


### हर घर तिरंगा अभियान



इस बार हर घर तिरंगा अभियान और भी है खास आपरेशन सिंदूर से विजय का अद्भुत है अहसास। "हर घर तिरंगा" अभियान के वालेंटियर बनिए। अपने आसपास देशभक्ति के इस राष्ट्र उत्सव का आनंदित वातावरण बनाइए। अपनी जान-पहचान के नागरिकों को इससे जोड़िए।

-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संस्कृति मंत्री


### अर्थव्यवस्था की रीढ़



खेती-किसानी हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ के साथ-साथ हमारी अस्मिता, संस्कृति और परंपरा की पहचान है। खेतों की हरियाली किसानों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है। हम मेहनतकश किसानों को खुशहाल और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

-हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखंड

### भाजपाई भ्रष्टाचार



प्रयागराज के नाम पर 20 हज़ार करोड़ का स्मार्ट सिटी का जो फंड भाजपाई निगल गये, अगर 'महाकुंभ के उस महाकोष' का एक अंश भी सीवर और नाला सफाई में लग जाता तो प्रयागराज का थाना आज तालाब न बनता। ये भाजपाई भ्रष्टाचार है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

# भारत पर शुल्क लगाना 'राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा'

व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाना ''राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा'' है, जो नयी दिल्ली के ''रूसी तेल की खरीद बंद करने से साफ इनकार'' से जुड़ा है। पिछले सप्ताह, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जो सात अगस्त से लागू हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर भी हस्ताक्षर किए, जिसके तहत रूस से तेल की खरीद के लिए भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया गया। इसके साथ ही कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया, जो अमेरिका द्वारा किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में से एक है। व्हाइट हाउस में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान नवारो ने कहा कि यह समझना जरूरी है कि ''भारत पर लगाए गए शुल्क का तर्क पारस्परिक शुल्क से बिलकुल अलग है।'' उन्होंने कहा, ''यह पूरी तरह से एक राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दा है, जो भारत के रूसी तेल की खरीद बंद करने से साफ इनकार से जुड़ा हुआ है और हर अमेरिकी को इसका गणित समझना चाहिए, क्योंकि यह व्यापारिक स्थिति से संबंधित है।'' नवारो ने कहा, ''आप इस बात से समझिए कि भारत शुल्क का 'महाराजा' है, यह अमेरिकी उत्पादों पर दुनिया में सबसे ज़्यादा शुल्क लगाता है और इसके पास ऊंची गैर-शुल्क बाधाएं भी हैं, जिससे हम अपने उत्पाद वहां नहीं पहुंचा पाते।''



## ऑफ बीट

# कम सामग्री वाले खाद्य पदार्थ अधिक स्वास्थ्यवर्धक होते हैं?

खाद्य पदार्थों की सामग्री को उनके वजन के क्रम में सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। इसका मतलब है कि सूची में सबसे पहले वाली चीजें ही उत्पाद का सबसे बड़ा हिस्सा बनाती हैं। सबसे आखिर वाली चीजें सबसे कम होती हैं। खाद्य लेबल में पोषण संबंधी जानकारी पैनल भी शामिल होता है, जो आपको प्रत्येक बार परोसे जाने पर प्रमुख पोषक तत्वों (ऊर्जा, प्रोटीन, कुल कार्बोहाइड्रेट, शर्करा, कुल वसा, संतृप्त वसा और सोडियम) की मात्रा बताता है। यह पैनल आपको प्रति 100 ग्राम या मिलीलीटर में सामग्री भी बताता है, जिससे आप प्रतिशत की गणना कर सकते हैं। संपूर्ण खाद्य पदार्थों को भी पैक किया जा सकता है। जिन उत्पादों की सामग्री सूची में केवल एक, दो या तीन वस्तुएं होती हैं, वे आमतौर पर अपने उस रूप के क़रीब होते हैं जैसा खाद्य पदार्थ खेत से सीधे लाए जाने पर होता है। इसलिए, भले ही ये पैकेजिंग में आते हों, इन्हें संपूर्ण खाद्य पदार्थ माना जा सकता है। ''संपूर्ण खाद्य पदार्थ'' वे हैं जिन पर शून्य से न्यूनतम प्रसंस्करण किया गया है, जैसे ताजे फल और सब्जियां, दालें, फलियां, साबुत अनाज जैसे जई या भूरा चावल, बीज, मेवे और अप्रसंस्कृत मांस और मछली। समग्र स्वास्थ्य को सहारा देने के लिए, ऑस्ट्रेलियाई आहार संबंधी दिशानिर्देश संपूर्ण खाद्य पदार्थ खाने तथा अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को सीमित करने की सलाह देते हैं।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**रक्षाबंधन आज, इस बार पूरे दिन मुहूर्त**



**हर साल की तरह आज भी पहुंचेंगी बहनें**



फाइल फोटो

### इंडियन ट्रेडिशनल टच के साथ तैयार की गई डायमंड की राखियां

*कोतवाली चौक स्थित एटी ज्वेलर्स में इस बार 17 लाख तक राखियां तैयार की गई हैं। प्रतिष्ठान के संचालक त्रिलोक बरड़िया ने बताया कि इस वर्ष बाजार में 1 लाख से लेकर 17 लाख रुपये तक की डायमंड राखियां तैयार की गई हैं, जिनकी खरीददारी लगातार हो रही है। दुकान में सबसे महंगी सोने और डायमंड से जड़ी 15 लाख की राखी तैयारी की गई है। इस राखी की खासियत* ▶▶|शेष पेज 6 पर

## सोने-चांदी और हीरे से भी सजेंगी कलाइयां एक से लेकर 17 लाख तक की राखियां

दीपांजलि साहू ▶▶| रायपुर



भाई-बहन का अनमोल रिश्ता... इसका कोई मोल नहीं है, पर इस रिश्ते की चमक बढ़ा रही सोने चांदी और हीरे की जगमगाती राखियों का मोल जरूर है। रायपुर के सराफा में ऐसी राखियां मौजूद हैं, जो चकाचौंध कर रही हैं। यहां डायमंड की एक लाख से 17 लाख तक की कीमत की राखियां भी हैं। रक्षाबंधन के एक दिन पहले तक राखियों का बाजार गुलजार रहा। सराफा में भी रौनक बनी रही।

रक्षाबंधन शनिवार को है। उससे पहले तक बाजार आबाद रहा। बहनें पारंपरिक धागों से आगे बढ़ते हुए सोने, चांदी और हीरे से ▶▶|शेष पेज 6 पर

अलग खबर

## बेजान कलाइयों में रक्षासूत्र, शहीद भाइयों को देखकर बहनों की आंखें हो रही नम

रफीक खान ▶▶| कोंटा

दक्षिण बस्तर में यूं तो कई ऐसी कहानियां हैं, जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। इनमें से एक कहानी ऐसी है, जो भाई बहन के अमर प्रेम के रिश्ते को जिंदा रखे हुए है। वह है बेजान कलाइयों में रक्षा सूत्र की। प्यार के इस बंधन



के डोर में शहीद भाइयों की कलाइयों में राखी बांधने पहुंचती है तो आंखे नम हो जाती है। यह परंपरा विगत डेढ़ दशक से दक्षिण बस्तर के सुकमा जिला के एर्राबोर ग्राम पंचायत में देखने को मिलता है।

ज्ञात हो कि माओवादियों के खिलाफ सलवा जुडूम अभियान वर्ष 2005-6 चली थी। जिसमें सुरक्षा के तौर पर एसपीओ जवानों की तैनाती राज्य शासन द्वारा की गई थी। इस अभियान में नक्सलियों से लड़ाई लड़ते हुए उरपालमेटला गांव के समीप ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 18 साल बाद भी यादें हैं ताजा

*नक्सल आतंक का यह जीता जागता उदाहरण है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर एर्राबोर में कतार में बनाए गए शहीद जवानों की मूर्तियों को देखकर हर कोई पुरानी हिंसक बातों को याद कर सहम जाता है। रक्षाबंधन में अपने भाई को याद करती बहनें सुनी कलाइयों पर राखी बांधती है। घटना को 18 साल बीत चुके है, लेकिन बहनों के याद में यह घटना कभी न मिटने वाली दास्तान बनकर रह गई है। गांव वाले भी सहम जाते हैं, क्योंकि उन्होंने इस इलाके में नक्सलियों का खूनी खेल देखा है।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### 'मन की बात' से अब तक 34.13 करोड़ की कमाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' से, इसकी शुरुआत से अब तक कुल 34.13 करोड़ रुपये की आय हुई है। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'मन की बात' कार्यक्रम पूरी दुनिया में लोग देखते हैं।



#### झारखंड में आईईडी विस्फोट में दो जवान घायल

**रांची।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में आईईडी में विस्फोट से सीआरपीएफ के दो जवान घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सारंडा क्षेत्र में एक-एक करोड़ रुपये के मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी और आसिम मंडल जैसे शीर्ष इनामी माओवादी सक्रिय हैं। यह घटना एशिया के सबसे घने जंगलों में से एक सारंडा जंगल में जराइकेला के पास मानके इलाके में दोपहर के समय तब हुई।

#### पाक में मौजूद आतंकियों के घरों की तलाशी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादी गतिविधियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई के तहत 15 स्थानों पर आतंकवादियों के घरों की तलाश ली गई। पुलिस ने बताया डोडा जिले में उन आतंकवादियों के घरों की तलाशी ली गई जो वर्तमान में पाकिस्तान तथा सीमा पार से यहां अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं।



#### दस बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजा गया : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि सुरक्षा बलों ने असम के श्रीभूमि जिले से 10 अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को पड़ोसी देश में खदेड़ दिया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अवैध घुसपैठ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी है! शर्मा ने कहा असम की जनसांख्यिकी को बदलने की कोशिशें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। सीमाएं सुरक्षित हैं, घुसपैठिए खदेड़ दिये गए।

#### ऑटो-चालक से 90 हजार नशीली गोलियां बरामद

**अगरतला।** राजधानी अगरतला के उपनगर में एक ऑटोरिक्शा चालक के कब्जे से 1.35 करोड़ रुपये मूल्य की नशीली याबा गोलियां बरामद की गईं। पुलिस ने बताया कि नियमित जांच के दौरान पुलिस ने खैरपुर से अमताली आ रहे एक ऑटोरिक्शा का पीछा कर उसे पकड़ा। जांच के दौरान 1.35 करोड़ की गोलियां बरामद की गईं।



### टैरिफ पर डोनाल्ड ट्रंप के दबाव के सामने अड़ा भारत, अमेरिकी संसद में भी भारी विरोध

# भारत की 'चुप रहो, झुको मत' नीति से ट्रंप बेचैन बोले- विवाद सुलझने तक नहीं होगी वार्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर टैरिफ बम फोड़ने के बाद भारत सरकार चुप रहो, झुको मत की नीति अपना रही है जिससे ट्रंप न केवल बेचैन हो गए हैं बल्कि बौखला भी गए हैं और इसी बौखलाहट में उन्होंने अब ट्रेड डील को लेकर कहा कि टैरिफ विवाद सुलझने तक भारत संग कोई व्यापार वार्ता नहीं होगी। ट्रंप को भारत सहित पूरी दुनिया में टैरिफ थोपने के बाद अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की नाराजगी भी झेलनी पड़ रही है। अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय मामलों और विदेश नीति की स्थायी समिति ने कहा कि ट्रंप के टैरिफ ने वर्षों के बनाए भारत-अमेरिका संबंधों को खतरे में डाल दिया है।

टैरिफ विवाद सुलझने तक व्यापारिक वार्ता नहीं करने का ट्रंप का बयान ऐसे समय में आया, जब टैरिफ को लेकर टैरिफ को लेकर भारत और अमेरिका के बीच 25 अगस्त को वार्ता होना तय है। बता दें कि भारत उन गिने-चुने देशों में से है जिन्होंने अमेरिका से व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू की है और एक अंतरिम समझौता होने की उम्मीद जताई है। इस संबंध में भारत ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### भारत की दो टूक- हमारे निजी मुद्दों से अमेरिका खुद को दूर रखे

भारत सरकार ने कहा कि हम अमेरिका के साथ टैरिफ और व्यापार को लेकर बातचीत करने के लिए तैयार हैं, लेकिन ट्रंप अक्सर अपनी मांगें बदलते रहते हैं। भारत का भरोसेमंद और स्थायी साथी रहा रूस से रक्षा उपकरण या तेल खरीदना हो या ब्रिक्स जैसे मंच का हिस्सा होना, ये ऐसे मुद्दे हैं जिनका अमेरिका के साथ व्यापार से कोई लेना-देना नहीं है। इन पर कोई समझौता नहीं हो सकता।



#### निक्की हेली ने भी किया था भारत का समर्थन

इससे पूर्व रिपब्लिकन नेता और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत रहीं निक्की हेली ने भी ट्रंप को सलाह देते हुए टैरिफ पर आपत्ति जताई थी। हेली ने एक्स पर लिखा था हमारे विरोधी चीन, जो रूसी-ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है, उसे 90 दिनों के लिए टैरिफ में ढील दी गई है और भारत को नहीं। चीन को छूट न दें और भारत जैसे मजबूत सहयोगी से रिश्ते खराब न करें।'

#### अमेजॉन, वॉलमार्ट ने रोका भारत से कारोबार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ का असर दिखने लगा है। इसका पहला असर कपड़ा उद्योग पर दिखा है। दुनिया भर में किफायती दामों पर कपड़ों की सेल के लिए मशहूर भारतीय कंपनी पर्ल ग्लोबल का कहना है कि अमेजॉन, वॉलमार्ट जैसी कंपनियों ने उसके साथ डील को रोक दिया है। कंपनी का कहना है कि उनके पास आधी रात को (अमेरिकी समयानुसार सुबह) ही कॉल आए कि माल सप्लाई फिलहाल रोक दी जाए। कुछ कंपनियों ने ईमेल करके अपने फैसले की जानकारी दी है।

**भारत संग नहीं होगी कोई वार्ता : ट्रंप :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर टैरिफ बम फोड़ने के बाद अब ट्रेड डील को लेकर अपना रूख साफ कर दिया है। उनका कहना है कि टैरिफ विवाद सुलझने तक भारत संग कोई व्यापार वार्ता नहीं होगी। उनका ये बयान ऐसे समय में आया, जब व्यापारिक साझेदारी को लेकर भारत और अमेरिका के बीच अगले दौर की वार्ता के लिए प्रतिनिधिमंडल भारत आने वाला है।

#### टैरिफ तनाव के बीच मोदी पुतिन के बीच हुई बातचीत

अमेरिका द्वारा टैरिफ थोपे जाने से उत्पन्न तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बातचीत हुई है। बातचीत के बाद मोदी ने एक्स पर लिखा, 'मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत अच्छी और विस्तृत बातचीत हुई। हमने द्विपक्षीय एजेंडे में व्यापारिक प्रगति की समीक्षा की।

**किसान के हितों से नहीं करेंगे समझौता- पीएम मोदी :** ट्रंप के टैरिफ के सामने भारत ने भी झुकने से साफ तौर पर इनकार कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ा बयान देते हुए साफ कहा कि किसानों के हित के साथ भारत कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा, "हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा।

#### ट्रंप का टैरिफ एक नखरा : अमेरिकी प्रतिनिधि सभा

रिपब्लिकन नेता निक्की हेली के बाद अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अंतरराष्ट्रीय मामलों और विदेश नीति की स्थायी समिति के सदस्य ग्रेगरी वेल्डन मीक्स ने कहा ट्रंप का हालिया टैरिफ नखरा है जो अमेरिका और भारत साझेदारी को खतरे में डालता है। मीक्स ने कहा कि दोनों देशों के बीच गहरे रणनीतिक, आर्थिक और लोगों के बीच गहरे संबंध हैं, इसलिए चिंताओं का समाधान पारस्परिक सम्मान के साथ किया जाना चाहिए।

### ममता बनर्जी को तगड़ा झटका

## अधिकारियों के निलंबन आदेश पर सोमवार तक अमल करें : आयोग





एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारत निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत को दिये एक ताजा नोटिस में कहा कि राज्य सरकार के चार अधिकारियों को निलंबित करने के उसके फैसले को क्रियान्वित कर कार्रवाई की अनुपालन रिपोर्ट 11 अगस्त को अपराह्न तीन बजे तक प्रस्तुत की जाए। निर्वाचन आयोग के सचिव सुजीत कुमार मिश्रा द्वारा हस्ताक्षरित यह पत्र मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा सार्वजनिक रूप से यह घोषणा करने के एक दिन बाद जारी किया गया कि वह निलंबन आदेश पर अमल नहीं करेंगी।

**क्या है मामला**


आयोग ने चार अधिकारियों - दो निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी और दो सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी और पश्चिम बंगाल में एक अस्थायी 'डाटा एंट्री ऑपरेटर' को निलंबित करने के फैसले की घोषणा की थी। इन अधिकारियों पर दक्षिण 24 परगना और पूर्व मेदिनीपुर जिलों के बरुईपुर पूर्व और मोयना विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में गड़बड़ी करने का आरोप है।

**सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का भी आदेश**

न्यायालय ने मुख्य सचिव को सभी पांच आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया तथा शीर्ष नौकरशाह से जल्द से जल्द कार्रवाई रिपोर्ट मांगी। दंडित किये गये पांच राज्य सरकार के कर्मचारियों में से दो - ईआरओ के रूप में कार्यरत देबोत्तम दत्ता चौधरी और बिप्लब सरकार - डब्ल्यूबीसीएस (कार्यकारी) रैंक के अधिकारी हैं। शुक्रवार को जारी ईसीआई नोटिस में कहा गया है, "आयोग को अब तक प्रत्येक अधिकारी के खिलाफ की गई विशिष्ट कार्रवाई का संकेत देने वाली कोई अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

### दिल्ली में पार्किंग विवाद

## हुमा कुरैशी के चचेरे भाई की हत्या, दो को पकड़ा गया



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के भोगल इलाके में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में अभिनेत्री हुमा कुरैशी के एक रिश्तेदार की नुकीले हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। अधिकारी ने बताया कि इस घटना के सिलसिले में दो लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि भोगल के चर्च लेन निवासी आसिफ कुरैशी पर कल देर रात हुई तीखी बहस के दौरान किसी नुकीली चीज से हमला किया गया, जिससे उनके सीने में गंभीर चोट आई।

**ऐसे घटित हुआ पूरा घटनाक्रम**

पुलिस के अनुसार, यह घटना रात करीब 10:30 बजे हुई जब आसिफ की अपने घर के सामने एक स्कूटर खड़ा करने को लेकर एक व्यक्ति से बहस हुई। झगड़ा इतना बढ़ गया कि आसिफ पर किसी नुकीले हथियार से कथित तौर पर हमला किया गया, जिससे उनके सीने में गहरा घाव हो गया।

## 'जज को शर्मिंदा नहीं करना चाहते थे...' सुप्रीम कोर्ट ने पलटा अपना फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक जज को आपराधिक मामलों की सुनवाई से हटाने के आदेश को वापस ले लिया है। कोर्ट के इस आदेश पर कई जजों ने चिंता जताई थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने यह निर्देश इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस प्रशांत कुमार के एक आदेश पर चिंता जताते हुए जारी किया था, जिसमें उन्होंने एक आपराधिक शिकायत को रद्द करने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई ने व्यापक आलोचना के बीच पीठ से हाईकोर्ट के जज पर लगाई गई पाबंदियों पर पुनर्विचार करने को कहा था, जिसके बाद अदालत ने इस आदेश को वापस ले लिया।

- सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट के 13 न्यायाधीश, कहा- अनावश्यक रूप से टिप्पणी की



**क्या है पूरा मामला :** गत 4 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जज जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस प्रशांत कुमार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए आदेश दिया था कि उन्हें रिटायरमेंट तक आपराधिक मामलों की सुनवाई से हटा दिया जाए।

## तेजस्वी 16 तक अपना 'फर्जी' मतदाता पहचान पत्र जमा करें

एजेंसी ▶▶| पटना

- निर्वाचन आयोग ने थमाया दूसरा नोटिस



निर्वाचन आयोग ने राजद नेता तेजस्वी यादव से कहा कि फर्जी सरकारी दस्तावेज बनाना और उसका उपयोग करना अपराध है तथा उन्हें 16 अगस्त तक अपना ''फर्जी'' मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) जमा करने का निर्देश दिया। पटना (सदर) के अनुमंडल अधिकारी और दीघा विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदाता पंजीयन अधिकारी द्वारा इस संबंध में बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता यादव को एक नया पत्र जारी किया गया।

#### दूसरा वोटर कार्ड आयोग ने जारी नहीं किया जो अपराध

नवीनतम पत्र में, ईआरओ ने कहा कि पिछले कई वर्षों की मतदाता सूची के अवलोकन से यह निष्कर्ष निकला है कि निर्वाचन आयोग ने यादव द्वारा उद्धृत मतदाता पहचान पत्र संख्या (ईपीआईसी) वाला वोटर कार्ड कभी जारी ही नहीं किया।

### दुर्ग के अस्पताल में ही पदस्थ थे मृतक डॉक्टर

*ग्रीन कॉरिडोर बनाकर राजधानी लाई गई किडनी*

## मेडिकल ऑफिसर की किडनी से दो मरीजों को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर के ब्रेनडेड होने के बाद परिजनों ने उनकी किडनी के जरिए दो लोगों को नया जीवन दिया है। दुर्ग के आरोग्यम अस्पताल में हुए अंगदान के बाद किडनी को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर राजधानी के एम्स और एमएमआई लाया गया। यहां दो जरूरतमंद मरीजों को किडनी प्रत्यारोपित कर उन्हें इस समस्या से राहत दिलाई गई।

खास खबर



दुर्ग के आरोग्यम हास्पिटल के नेफ्रोलॉजिस्ट एवं अंगदान कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. आरके साहू ने बताया कि डॉ. प्रशांत सिंह हास्पिटल में बतौर केजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर कार्यरत थे। 6 अगस्त को ड्यूटी ▶▶|शेष पेज 6 पर

**राज्य में यह 12वां अंगदान**

डॉ. प्रशांत सिंह का नाम राज्य में 12वें अंगदान करने वाले महादानी के रूप में दर्ज हुआ। पिता को खोने का बड़ा दुख सहते हुए बेटी शेफाली सिंह ने गहरी संवेदनशीलता और साहस का परिचय देते हुए अपने पिता के दोनों किडनी दान करने के लिए सहमति प्रदान की। इसके पूर्व फरवरी माह सड़क हादसे में ब्रेनडेड हुए आर्यन्स आदिल के आर्गंस उनके परिजनों ने दान किए थे। राज्य में पहला अंगदान नवंबर 2022 से शुरू हुआ था।

#### 174 को किडनी, 27 को लिवर का इंतजार

राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण में अभी आर्गन प्राप्त करने के लिए 203 लोगों ने आवेदन किया हुआ है। इसमें 174 लोगों को किडनी की आवश्यकता है, वहीं 27 लोगों को लिवर मिलने का इंतजार है। दो मरीज ऐसे हैं, जिन्हें हृदय के ऊपरी अंग की जरूरत है। अंगदान के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए सोटो द्वारा लगातार विभिन्न तरीकों से जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा लोगों को अंगदान करने की शपथ भी दिलाई जा रही है।




**खोज**

### गैलेक्सी भी समा जाए इसमें विज्ञान की दुनिया में भूचाल

# ब्रह्मांड का सबसे बड़ा ब्लैक होल सूर्य से 36 अरब गुना भारी!

**वॉशिंगटन।** ब्लैक होल ये वो नाम है जिसे सुनकर आपकी सांसें थम जाती हैं। ऐसा माना जाता है कि ब्लैक होल से कोई वापस नहीं आता है। क्या आप जानते हैं कि ब्रह्मांड में सबसे बड़ा ब्लैक होल कितना बड़ा होगा? नहीं न, तो चलिए हम आपको ब्रह्मांड के सबसे बड़े ब्लैक होल के बारे में बताते हैं जिसकी खोज शायद अभी-अभी हुई है। यह एक ऐसी गैलेक्सी के भीतर स्थित है, जिसकी लाइट उसके सामने वाली दूसरी गैलेक्सी के अंदर स्थित है, जिसकी रोशनी उसके सामने वाली दूसरी गैलेक्सी को इतना विकृत कर देती है कि वो घोड़े के नाल के समान दिखाई देती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि सामने वाली गैलेक्सी हमारी अपनी गैलेक्सी से सैकड़ों गुना भारी है। स्पेस टाइम के इस झुकाव की वजह से पृष्ठभूमि वाली गैलेक्सी को कॉस्मिक हॉर्सशू के नाम से जाना जाता है।




## वैज्ञानिकों ने दिया ब्रह्मांड के सबसे बड़े ब्लैक होल का प्रमाण

वैज्ञानिक कई वर्षों से ब्लैक होल्स को लेकर मैपिंग कर रहे हैं, लेकिन अब तक हर अन्य सुपरमैसिव ब्लैक होल का अप्रत्यक्ष रूप से मापन करने पर काफी बड़ी अनिश्चितताएं रही हैं। इसलिए, अभी तक शीर्ष स्थान के लिए कभी कोई पक्का दावेदार नहीं मिला है। लेकिन, इस अध्ययन को अंजाम देने वाली टीम ने इस सुपरमैसिव ब्लैक होल को मापने के लिए एक नई विधि का उपयोग किया, और वे लगभग निश्चित हैं कि उन्होंने इसे सही पाया है। कॉलेट अपने निष्कर्षों पर आश्वस्त हैं और मापन के बारे में कहीं अधिक निश्चित हैं। इस अंधेरे राक्षस के आकार का पता लगाने के लिए, रिसर्चर्स ने देखा कि इसका गुरुत्वाकर्षण इसके पास से गुजरने वाले प्रकाश को कैसे विकृत करता है? आंतरिक क्षेत्र में तारे अत्यधिक गति से चलते हुए देखे गए, जो 400 किलोमीटर प्रति सेकंड की स्पीड को छू रहे थे। इसके आकार का निष्कर्ष इसके 'विशाल गुरुत्वाकर्षण खिंचाव और इसके आसपास के वातावरण पर इसके प्रभाव' पर आधारित था, जैसा कि लेखकों ने मंथली नोटिसेज ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी में प्रकाशित अध्ययन में लिखा था।

### सबसे बड़े 10 ब्लैक होल में से एक


हालांकि, उनके बगल में कोई सटीक संख्या कभी नहीं रखी गई। लेकिन अब, इस नई रिसर्च के साथ, वैज्ञानिकों को अब तक का सबसे सटीक अनुमान मिल गया है। कॉस्मिक हॉर्सशू में मौजूद यह विशाल ब्लैक होल सूर्य के मॉस से 36.3 अरब गुना बड़ा है, जिसमें लगभग 6 अरब सौर मॉसेस की एरर का अंतर है। पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय के सह-अध्ययनकर्ता प्रोफेसर थॉमस कॉलेट ने एक बयान में कहा, 'यह अब तक खोजे गए 10 सबसे बड़े ब्लैक होलों में से एक है, और संभवतः सबसे बड़ा है।



### 5 अरब प्रकाश-वर्ष दूर है

यह अल्ट्रामैसिव ब्लैक होल 5 अरब प्रकाश-वर्ष की दूरी पर स्थित है। यह पूरी तरह से शांत है, और इसलिए शोधकर्ता सामान्य रूप से उपयोग की जाने वाली तकनीक - एकत्रण के आधार पर आकार निर्धारण - का उपयोग नहीं कर सके। ब्राजील के यूनिवर्सिडेड फेडरल डो रियो ग्रांडे डो सुल के कार्लोस मेलो ने कहा, यह खोज एक निष्क्रिय ब्लैक होल के लिए की गई थी। ऐसा ब्लैक होल जो अवलोकन के समय सक्रिय रूप से सामग्री एकत्र नहीं कर रहा था।

## कबाड़ हो रहा है 67 मिलियन डॉलर का टेलीस्कोप, रुक ना जाए अंतरिक्ष की सबसे बड़ी खोज



**वॉशिंगटन।** टेलीस्कोप जिसका नाम नाइसर है नासा उससे न्यूट्रॉन तारों को देखता है और उसके बारे में समझता है। नासा के इस $67 मिलियन के टेलीस्कोप ने काम करना अब बंद कर दिया है। नासा अपने नाइसर टेलीस्कोप को बचाना चाहता है, उनका मानना है कि जरूरत पड़ी तो इसे अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के काम में इस्तेमाल किया जाएगा। हालांकि, अभी स्टेशन के किसी भी कर्मचारी को कोई खतरा नहीं है। इसकी मुख्य मोटर खराब होने की वजह से 17 जून से ही वैज्ञानिक कार्यों को रोक दिया गया है। आपको बता दें कि इसी मोटर से ही टेलीस्कोप अंतरिक्ष में फोकस कर पाता था। इस खराबी की जांच में नासा के इंजीनियर लगे हुए हैं, हालांकि अभी तक पता नहीं चला है कि यह कब तक ठीक होगा। **नाइसर दूरबीन की खराबी :** नाइसर टेलिस्कोप में खराबी का कारण पता लगाने के लिए नाइसर टेलिस्कोप के बाहर लगे रोबोटिक कैमरे उसकी तस्वीर भेज रहे हैं। साथ ही, यहां पृथ्वी पर रह रहीं टीमें भी वहां की टीमों के साथ मिलकर टेलिस्कोप की इस समस्या को सुलझाने की कोशिश कर रही है। लेकिन, अभी तक खराबी क्या हुई है ये पता नहीं चल पा रहा है और क्यों हुई है ये भी पता नहीं चल पा रहा है।

### कर चुका है कई बड़ी खोजें

नाइसर को 2017 में मात्र 18 महीनों के लिए ही भेजा गया था और यह उम्मीद से भी काफी ज्यादा ही चल गया था और उसके 8 साल तक चला था। ये इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में कई बड़ी खोजों को करने में काफी मदद की है। नाइसर की मदद से न्यूट्रॉन तारों की बनावट को मापा जाता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि इसने ब्लैक होल, पल्सर और अंतरिक्ष की कई अनोखी घटनाओं पर काफी शोध किए हैं।


**OFFICE OF THE PRINCIPAL, GOVERNMENT ENGINEERING COLLEGE, BILASPUR (C.G.) 495 009**
**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) 495009**
Phone: 07752-260289,
email:- principalgecbilaspur@gmail.com,
website:- www.gecbsp.ac.in

क्रमांक/शाइमबि/स्टेनो/2025/2322
बिलासपुर, दिनांक 08/08/2025

**शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर में एम.टेक. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु**

शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय कोनी बिलासपुर में प्रायोजित कोटा के अंतर्गत, यांत्रिकी विभाग में थर्मल इंजीनियरिंग विषय में M. Tech. हेतु 04 सीट उपलब्ध है। इन सीटों पर 14 अगस्त 2025 तक प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश हेतु cgdteraipur.cgstate.gov.in पर उपलब्ध सत्र 2025-26 हेतु लागू अघतन प्रवेश नियम प्रभावी होंगे।

विज्ञापन महाविद्यालय की वेबसाइड www.gecbsp.ac.in पर देखी जा सकती है।

प्राचार्य
शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

जी. 252602717/2



**कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला खैरागढ़-छुईखदान - गण्डई (छत्तीसगढ़)**
Email-cmho.kcg2022@gmail.com

कं. / मु.चि.अ./ एनएचएम / संविदा भर्ती /2025/5295
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, दिनांक 08/08/25

**"दावा-आपत्ति सूचना"**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला-खैरागढ़-छुईखदान - गण्डई (छ.ग.)**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत एकांकी संविदा पदों की भर्ती विज्ञापन जारी की गई थी। उपरोक्तानुसार निम्नांकित पद-सोशल वर्कर 01 पद, रेडियोग्राफर (एक्स-रे टेक्नीशियन)-01 पद, एन.आर.सी. अटेण्डेंट-01 पद, कुक सह केयर टेकर 01 पद, क्लीनर 01 पद, की पात्र-अपात्र सूची एवं दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है।

अभ्यर्थी जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के अधिकारिक वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचना पटल से उक्त सूची का अवलोकन कर रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिविल अस्पताल परिसर खैरागढ़, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई मे दावा-आपत्ति कर सकते है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)

सं. 44856


# घर से निकाल फेंकेंगे एसी...बस खर्च करिए 50 रुपए, ठंडक मिलेगी दोगुनी

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर ने एक बहुत ही अनोखी शीट विकसित की है, जिसे दीवारों पर लगाने से घर का तापनाम 8-10 डिग्री तक कम हो सकता है। इतना ही नहीं, ये आपके बिजली बिल की भी बचत करेगा। इस शीट को कपड़े और खास इंसुलेशन मेटेरियल की मदद से बनाया है, जो बारिश में खराब नहीं होगी। साथ ही इसे बहुत आसानी से साफ भी किया जा सकेगा। इस शीट को मकान की छत या इमारतों की दीवार पर पर लगाने से एसी का खर्च कम किया जा सकेगा। सबसे खास बात है कि ये बारिश से खराब नहीं होती और धूल लगने पर इस बहुत ही सिंपल तरीके से साफ भी किया जा सकता है। ये शीट आपके कमरे के तापमान को 8-10 डिग्री तक कम कर देगी।



### कितनी है इसकी कीमत?

इस शीट को इमारत की दीवार और छतों पर लगाने के 8-10 डिग्री तक तापमान को कम होगा ही, साथ ही ये आपके एयर कंडिशनर के बिजली के बिल की भी बचत करेगा। इस शीट की कीमत की बात करें तो 50-60 प्रति वर्ग फीट है जो बाजार में मिलने वाले दूसरे इंशुलेशन शीट्स की तुलना में आधा है, जो 100-200 प्रति वर्ग फीट तक मिलता है।

### कपड़ा कैसे बना इंसुलेशन?

आईआईटी के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर अनिमांग्सु घटक ने बताया कि ये शीट खास सिंथेटिक पॉलीमर से बनी है। इस शीट को छत, दीवार या पानी की टंकी पर लगाया जाता है तो ये गर्मी को अंदर आने से रोकता है। पॉलीमर कोटिंग के बीच हवा भर जाती है जिससे इंसुलेशन होने लगता है।

### कैसे करता है काम?

इस शीट की बाहरी परत पूरी तरह से सफेद है, जिससे सूरज की किरणें टकराकर वापस लौट जाती हैं और सीधी गर्मी का असर नहीं होता। इसके बाद भी जो थोड़ी बहुत गर्मी आती है, वह कपड़े और पॉलीमर कोटिंग के बीच में रुक जाती है। इसी वजह से शीट गर्मी या ठंड को डायरेक्ट अंदर आने से रोकता है।

# छुट्टियां मनाने गई थी महिला, शराब पीकर चली गई आंखों की रोशनी

**ओटावा।** दुनिया भर में छुट्टियों के दौरान शराब पीना कई लोगों के लिए सामान्य अनुभव है, लेकिन कनाडा की एक महिला की कहानी यह चेतावनी देती है कि आपका पसंदीदा ड्रिंक भी जानलेवा साबित हो सकता है। कनाडाई नागरिक एशली किंग ने सोशल मीडिया पर अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे बाली में एक जहरीली कॉकटेल पीने के बाद उन्होंने अपनी आंखों की रोशनी खो दी। उनका इलाज फौरन करना पड़ा मगर उसका कोई फायदा नहीं हुआ। हालांकि, एशली कहती हैं कि वह खुशनसीब हैं कि वह जिंदा बच गई ,क्योंकि इस तरह के मामलों में कई लोगों की मौत हो जाती है। दिसंबर में, फिजी के एक लग्जरी रिसॉर्ट बार में जहरीली शराब पीने के बाद सात पर्यटक अस्पताल में भर्ती हुए। इससे एक माह पहले, लाओस में छह युवा यात्रियों, जिनमें एक अमेरिकी भी शामिल था, की मौत इसी कारण हुई। हर साल हजारों लोग मेथनॉल मिश्रित शराब पीने से मारे जाते हैं या गंभीर रूप से बीमार पड़ते हैं। मेथनॉल एक पारदर्शी, ज्वलनशील तरल है, जिसकी गंध और स्वाद पीने योग्य एथनॉल से लगभग समान होती है।


**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT NO: 1191/RMC/2025 RAIPUR DATED: 08.08.2025

Online bids are invited for the following works up to 01.09.2025 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Min Reserve Price |
|---|---|---|---|
| 1 | 173492 | REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) For the Operation, Maintenance, and Utilization of Installed Mini unipoles (Group II) for advertising purposes. | 1,40,00,000.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **08.08.2025** 17:30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.


**NOTE:** - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

SUPERINTENDENT
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)


# 2045 तक एआई के गुलाम बन जाएंगे इंसान

**लंदन।** दुनिया हर दिन आधुनिक होती जा रही है और हर चीज एडवांस होती जा रही है। टेक्नॉलॉजी के बढ़ने के चलते हमारे लिए कई सारी चीजों को करना बहुत आसान होता जा रहा है। हम अपने रोजमर्रा के कामों को टेक्नॉलजी का इस्तेमाल कर बेहद ही आसानी से कर सकते हैं। इस टेक्नॉलॉजी में एआई आजकल के समय में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आपको जानकर इस बात से हैरानी होगी कि यह आने वाले समय में इंसानों के लिए कितना नुकसानदायक हो सकता है।




**इंसानों पर हावी हो जाएंगी मशीनें**

एक रिपोर्ट के अनुसार 8,500 से अधिक एक्सपर्ट्स की राय पर यह पता चला कि आने वाले 25 सालों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एजीआई मतलब आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस की तरह हो सकता है और ये इंसानों से बहुत ज्यादा ही समझदार होगा। जो एजीआई होगा वो पूरा इंसानों की तरह सोचेगा और और फैसले भी खुद ले सकेगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि 2026 से लेकर 2040 के बीच में एजीआई कभी भी आ सकता है।

### बुद्धि में बहुत आगे निकल जाएगा एआई

एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजी को लेकर वैज्ञानिकों की एक नई भविष्यवाणी आई है जिसमें वैज्ञानिकों के द्वारा ऐसा दावा किया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या कहें तो एआई इंसानों को गुलाम बना लेगा। कई विशेषज्ञों आर वैज्ञानिकों का अभी से ही ऐसा मानना है कि आने वाले समय में इंसान से बुद्धि में एआई बहुत आगे निकल जाएगा और हम इंसान बहुत ही पीछे रह जाएंगे।


**छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कबीरधाम**
C/o कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, कबीरधाम
ग्राम एवं पोस्ट- महाराजपुर, राजनांदगांव रोड, तह बोड़ला, जिला- कबीरधाम
ई-मेल poly_kabirdham@rediffmail.com
वेब साइट www.gpkabirdham.ac.in दूरभाष क्रमांक 07741-232636, 07741 233306

क्र./ शापॉक /स्था./2025/ कबीरधाम, दिनांक ...............

**//Walk-in Interview for Part time lecturer/**

छत्तीसगढ़ इंस्टीट्युट ऑफ टेक्नोलॉजी कबीरधाम में निम्न विषय में पूर्णतः अस्थाई रूप से अंशकालीन आधार पर व्याख्याता के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक उम्मीदवारों को अपने बायोडॉटा, मूल दस्तावेजों एवं 01 सेट छायाप्रतियों के साथ वाक्-इन इन्टरव्यू के लिए संस्था में आमंत्रित किया जाता है।

| स.क्र. | विषय | रिक्त | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं | साक्षात्कार की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सी.डी.डी.एम. | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्था से वस्त्र तथा परिधान निर्माण में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.एच.एस.सी) अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से किसी भी विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातक उपाधि तथा वेशभूषा अभिकल्पन तथा परिधान निर्माण में प्रथम श्रेणी में न्यूनतम दो वर्षीय पत्रोपाधि | 13.08.2025 |
| 2 | भौतिकी | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से उपयुक्त विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समकक्ष | |
| 3 | कम्युनिकेशन स्कील (अंग्रेजी) | 01 | | |

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी संस्था के वेबसाइट www.gpkabirdham.ac.in में प्राप्त करें। उक्त पद की संख्या कम / ज्यादा अथवा निरस्त किया जा सकता है।

जी. 252602711/1 प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, कबीरधाम



**कार्यालय नगर पंचायत पाली**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

क्रमांक/407/लो.नि.शा./न.पं./2025
पाली दिनांक 08/08/25

**// रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) //**

नगर पंचायत पाली द्वारा Amrut Mitra योजना अंतर्गत समूह चयन के स्व. सहायता समूहों से रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) - Project Code AMT-CG- PALI 6206, 6237, 6232, 6188) जारी किया गया है, जो दिनांक 18.08.2025 को सायं 12.00 बजे तक स्पीडपोस्ट/ पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है, कार्य का विस्तृत विवरण एवं नियम तथा शर्ते अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से रूपये 100.00 का भुगतान कर अथवा शासन के वेबसाईट uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पाली


# तोता है इस लड़की का भाई, हर साल बांधती है सोने की राखी, रोचक है कहानी

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर की रहने वाली स्वपन रक्षाबंधन का त्योहार बेहद अनोखे तरीके से मनाती हैं। उनका रक्षाबंधन मनाने का अंदाज़ बाकी लोगों से बिल्कुल अलग है, जो उन्हें खास बनाता है। दरअसल, अंबिकापुर के जोड़ा पीपल के पास रहने वाली स्वपन का कोई सगा भाई नहीं है। बचपन से ही उन्हें जानवरों से बेहद लगाव था और वह चाहती थीं कि उनका कोई भाई हो जो भाई का फर्ज निभाए। ऐसे में लॉकडाउन के दौरान उनके पास एक तोता आया, जिसका नाम उन्होंने हीर रखा। तब से रक्षाबंधन पर वह तोते हीर को सोने की राखी बांधती




### तोता हीर से खास रिश्ता

स्वपन ने बताया कि 12वीं पास करने के बाद पहले लॉकडाउन में तोता हीर उनके पास आया था। उससे पहले वह खरगोश (रैबिट) के साथ रक्षाबंधन मनाती थीं, लेकिन हीर के आने के बाद वह हर साल उसे अपना भाई मानकर सोने की राखी बांधती हैं। उनके अनुसार, इंसानों में उन्हें भरोसा नहीं है, क्योंकि कई बार रिश्तों में धोखा मिला है। उनका कहना है, इंसानों को राखी बांधो, तो अंत में वे धोखा देकर चले जाते हैं, लेकिन जानवर कभी धोखा नहीं देते।

### जानवरों से गहरा लगाव

स्वपन कहती हैं कि उनका हीर उनसे कभी कुछ नहीं मांगता, बस साथ और प्यार चाहता है। उनके पास और भी तोते हैं, जिन्हें वह हर साल राखी बांधती हैं। बचपन से ही जानवरों के बीच रहने के कारण इंसानों से दूरी और जानवरों से नजदीकी उनकी पहचान बन गई है। वह कहती हैं, इंसानों का प्यार अक्सर झूठा होता है, लेकिन जानवरों का साथ सच्चा और भरोसेमंद होता है।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
मुख्य कार्यालय महात्मा गांधी सदन , गांधी मैदान के पास, रायपुर (छ.ग.) कार्या. Pho. no. 0771-2535780,90,
Fax. 077172227395, E-mail- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक /126 /उद्यान/न.पा.नि./2025 दिनांक 07/08/2025

**रुचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के अमृतमित्र योजना अंतर्गत "Women for Tree" अभियान में AMRUT 2.0 मिशन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, वृक्षारोपणं, रखरखाव, जागरूकता एवं पर्यावरणीय अभियान से संबंधित कार्यों हेतु डे-एनयूएलएम मिशन अंतर्गत पंजीकृत इच्छुक महिला स्व-सहायता समूहों (SHGs) से नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र में उक्त कार्य के 60 पृथक कार्य क्षेत्रों में संचालन हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) दिनांक 12/08/2025 को पूर्वान्ह 3:00 बजे तक स्पीड/ पंजीकृत डाक से आमंत्रित की जाती है।

आमंत्रित रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) में निम्नानुसार कार्य सम्मिलित हैं :

* चयनित स्थलों पर वृक्षारोपण
* पौधों की देखरेख, सिंचाई एवं संधारणीय निगरानी
* पौधों की जियोटैगिंग और नियमित प्रगति रिपोर्टिंग
* वृक्षारोपण एवं पर्यावरणीय संरक्षण हेतु सामुदायिक सहभागिता

कार्य का विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं आमंत्रित रूचि की अभिव्यक्ति में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क राशि रू. 300.00 नगर पालिक निगम रायपुर मुख्यालय तृतीय तल कक्ष क्रमांक 411 में जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) नगर पालिक निगम रायपुर की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ईओआई के पोर्टल पर अपलोड होने की तिथि से 7 कार्य दिवस के भीतर इसे जमा किया जाना अनिवार्य है।

उक्त संबंध में भविष्य में जारी निर्देश एवं संशोधन भी केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किए जाएंगे, इच्छुक समूह वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें।

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

उपायुक्त
नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग



**कार्यालय, नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग)**
मुख्य कार्यालय संपदा शाखा, साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
फोन नं. 221288-222672, फैक्स : 07759-221288, 221929
Website: www.korbamunicipal.in, Email Id-corporationkorba@gmail.com

फा.क्र./15/संपदा/2025 7249 कोरबा, दिनांक 5/8/25

**मुड़ापार बाजार में निर्मित काम्पलेक्स दुकान क्रमांक-10 का आबंटन हेतु निविदा आमंत्रण की सूचना**

मुड़ापार बाजार में निर्मित काम्पलेक्स की अनारक्षित वर्ग की दुकान क्रमांक-10, क्षेत्रफल 120 वर्गफीट का नियमित रूप से रख-रखाव के साथ-साथ संचालन हेतु जन सामान्य / विभिन्न संस्थाओं / शासकीय व अर्द्धशासकीय विभागों तथा व्यक्ति से, मासिक किरायेदारी पर यथा-स्थिति आबंटन शर्तो के तहत 11 माह की किरायेदारी पर उपलब्ध कराने हेतु राशि रूपये 1,400/- (चौदह सौ रूपये) पर उच्चतम मासिक किराये ऑफर निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा हेतु इच्छुक संस्था/फर्म सुरक्षा राशि रूपये 30,000/-तीस हजार रूपये) जमा कर उक्त के रसीद की प्रतिलिपि संलग्न करते हुये दिनांक 29.08.2025 अपरान्ह 03 बजे तक निविदा ऑफर बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते है, निविदा उसी दिनांक को उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष सायं 04.00 बजे खोली जावेगी।

निविदाकर्ता निविदा के 01 दिवस पूर्व अर्थात दिनांक 28.08.2025 तक निविदा प्रपत्र 1,000/-(एक हजार रूपये) शुल्क जमाकर कार्यालयीन दिवस एवं समय पर कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सुरक्षा राशि 30,000/- (तीस हजार रूपये) का डी.डी./बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यालय में जमा कर उक्त के रसीद की प्रति निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करते हुये निविदा में भाग ले सकते हैं। आबंटन हेतु निर्धारित शर्तो का विवरण निगम की वेबसाईड www.korbamunicipal.in पर अवलोकन किया जा सकता हैं तथा विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिक निगम कोरबा के संपदा शाखा (दुकान) से ली जा सकती है।

नोट :- 01. संलग्न शर्ते किरायेदारी निविदा का अंग माना जावेगा। 02. दुकान को यथा स्थिति आधिपत्य में लेना होंगा। 03. सुरक्षा राशि जमा रसीद की प्रतिलिपि निविदा प्रपत्र के साथ अनिवार्य रूप से जमा करना होगा तथा उक्त रसीद क्रमांक व दिनांक का उल्लेख निविदा प्रपत्र की लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा।

संपदा अधिकारी
नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर अब पॉवर कंपनी सरकार के निर्देश पर गंभीर हो गई है। सरकार ने बिजली बिल हाफ से मुफ्त बिजली की तरफ कदम के नारे के साथ पीएम सूर्य घर योजना को बढ़ाने की योजना तैयार की है। इस योजना के प्रारंभ होने के बाद पांच दिनों में आवेदनों की रफ्तार में इजाफा हो गया है। पांच दिनों में तीन हजार से ज्यादा नए आवेदन आ गए हैं। अब कुल मिलाकर प्रदेश में आवेदन तो थोक में करीब 48 हजार आ गए हैं, लेकिन जहां तक घरों में सोलर पैनल लगाए जाने का सवाल है तो अब तक महज 44 सौ घरों की छतों पर ही सोलर पैनल लग सके हैं जबकि सोलर पैनल लगाने के लिए दो सौ से ज्यादा वेंडर हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि सोलर पैनल लगाने के दिन ही तय नहीं हैं।

# पीएम सूर्य घर योजना में आवेदनों की रफ्तार बढ़ी, अब पैनल लगाने के दिन भी होंगे तय

## पांच दिन में 3000 हजार से अधिक आवेदन आए, लगाने की रफ्तार धीमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पॉवर वितरण कंपनी के एमडी भीम सिंह कंवर का कहना है कि अब वेंडरों पर सख्ती करते हुए सोलर पैनल लगाने के जल्द ही दिन तय कर देंगे। तय दिनों में हर हाल में घरों में सोलर पैनल लगाने होंगे। ऐसा न करने वाले वेंडर पर नियमानुसार कार्रवाई भी होगी। प्रदेश सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना की 400 यूनिट की सीमा को कम करके सौ यूनिट कर दिया है। इसके पीछे का कारण यह है कि प्रदेश सरकार ने बिजली बिल हाफ से मुफ्त बिजली की तरफ कदम के नारे के साथ पीएम सूर्य घर योजना को बढ़ाने की योजना तैयार की है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने भी अपनी तरफ से सब्सिडी तय की है। इसमें केंद्र सरकार की तरफ से पहले से ही सब्सिडी मिल रही है। अब डबल सब्सिडी के कारण आवेदनों की रफ्तार में लगातार इजाफा हो रहा है।

**डबल सब्सिडी:** योजना में उपभोक्ताओं को डबल सब्सिडी मिल रही है। केंद्र सरकार से एक किलोवाट पर 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार और तीन किलोवाट पर 78 हजार की सब्सिडी मिल रही है। अब राज्य सरकार ने भी एक किलोवॉट पर 15 हजार और दो से तीन किलोवाट पर 30 हजार की सब्सिडी तय कर दी है। केंद्र सरकार की सब्सिडी पहले एक माह में आ रही थी, लेकिन अब यह 20 दिनों आ रही है। इसी तरह से राज्य सरकार की सब्सिडी भी इतने ही दिनों में ही मिलने की बात की जा रही है।



### वेंडरों पर कसेंगे लगाम

सोलर पैनल के आवेदन तो शिविर में उसी दिन मंजूर हो रहे हैं। इसी के साथ ऑनलाइन आवेदनों को भी तत्काल मंजूरी दी जा रही है। अब सोलर पैनल लगाने वाले वेंडरों पर भी लगाम कसी जाएगी और सोलर पैनल लगाने के दिन तय किए जाएंगे।

**भीम सिंह कंवर**, एमडी, छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण

### आवेदनों के सही आंकड़े आएंगे सामने

योजना में आवेदन करने की प्रक्रिया ऑनलाइन है। इस समय केंद्र सरकार के पोर्टल में छत्तीसगढ़ के आवेदनों की संख्या 47 हजार 851 दिख रही है।पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि मोर बिजली एप में भी आवेदन करने की सुविधा है। कई उपभोक्ताओं ने लागइन किया है और अपना दर्ज किया है, लेकिन उन्होंने वेंडर ही नहीं चुने हैं, लेकिन लाग इन करने के कारण उनकी गिनती आवेदन करने वालों में हो गई है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि अब आवेदनों की छंटनी करने का काम होगा ताकि सोलर पैनल लगाने के इच्छुक सही उपभोक्ताओं की संख्या का पता चल सके।

## खबर संक्षेप



### लूट के आरोप में नाबालिग सहित तीन धरे गए

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को लूट के आरोप में गिरफ्तार किया है। मोटर गैरेज संचालक अजहर खान की रिपोर्ट पर पुलिस ने शिवशंकर ध्रुव, फिरोज साहू तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। मंगलवार दोपहर अजहर खाना खाने जा रहा था, इस दौरान सुलभ शौचालय के पास तीन बदमाश अजहर को रास्ते में रोककर उसके जेब से पांच सौ रुपए, बाइक की चाबी तथा मोबाइल लूटकर भाग गए। अजहर ने बदमाशों का पीछा किया तो बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला करने की कोशिश की।

### दोपहिया से शराब ले जाते कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** विधानसभा पुलिस ने दोपहिया से शराब तस्करी करते एक कोचिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच हजार रुपए कीमत की 50 पौवा देशी शराब जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रघु सोनी को आमासिवनी के पास शराब ले जाते पकड़ा है। किसी के कहने पर रघु शराब की डिलीवरी देने जा रहा था।

### बलवा मामले में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र में पिछले महीने जुलाई के प्रथम सप्ताह में कचरा फेंकने के विवाद पर बलवा कर जानलेवा हमला करने के मामले मेंतीन फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। राकेश चंद्र तिवारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने शेख जावेद, मोहसीन खान, मुश्ताक अली उर्फ चिंटू को गिरफ्तार किया है। बलवा के मामले में पुलिस अब तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है।

### दो बाइक बरामद, शातिर चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर तथा मौदहापारा थाना क्षेत्र से दो महंगी बाइक चोरी करने के आरोप में एक शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से दो बाइक बरामद की है। बाइक चोरी करने के आरोप में पुलिस ने मौदहापारा निवासी फैजान खान उर्फ फज्जू को गिरफ्तार किया है।

## रायपुर के रामदेव ने त्रिपक्षीय एमओयू के माध्यम से दिया 172 करोड़ का अनुदान

# शेयर बाजार के दिग्गज रामदेव बोले, ट्रंप के टैरिफ का असर अमेरिका पर भी होगा, फिलहाल धैर्य रखें निवेशक




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन के चेयरमैन और शेयर मार्केट के दिग्गज निवेशक रामदेव अग्रवाल ने ट्रंप के टैरिफ को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इसका असर सिर्फ भारत पर ही नहीं, अमेरिका पर भी होगा। ट्रेड हवा और पानी की तरह होता है, जो अपना रास्ता खुद खोज लेते हैं। अगर 50 फीसदी टैरिफ लगाएंगे तो ट्रेड कहीं और से आएगा। जल्द ही इसका कुछ न कुछ रास्ता निकलेगा। राजनीतिक तौर पर समाधान होगा। रामदेव अग्रवाल ने निवेशकों को थोड़ा धैर्य रखने की नसीहत दी। उनका कहना है, शेयर बाजार में हर दिन कोई न कोई कहानी चलती रहती है। 21 दिन के बाद माहौल बदलेगा। भारत को आगे बढ़ने से रोकने के लिए अवरोध उत्पन्न किए जा रहे हैं। इसके बावजूद भारत आगे बढ़ेगा। भारत दुनिया का सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाला देश है। इसलिए हर कोई प्रयास करेगा कि उसे रोका जाए।




### किसानों के लिए बनेगा देश का सबसे बड़ा प्रशिक्षण केंद्र

रामदेव अग्रवाल ने कार्यक्रम में रायपुर में किसानों के लिए देश का सबसे बड़ा प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ समृद्ध प्रदेश है, जिसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। उनका फाउंडेशन इस विकास यात्रा में पूर्णतः समर्पित है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन ने अपनी कुल निधि का 10 प्रतिशत समाज कल्याण के लिए समर्पित करने का निर्णय लिया है, जिसका उपयोग शिक्षा, कौशल और कृषि से संबंधित कार्यों में किया जाएगा।

### तीन दशकों में तेजी से बदला रायपुर

रामदेव अग्रवाल मूलतः नगपुरा गांव के हैं। वे बताते हैं कि हर साल दिवाली पर वे अपने गांव आते हैं। तीन दशकों में रायपुर खूब बदल गया। मुंबई से ज्यादा बदलाव तो उन्होंने रायपुर में महसूस किया है। अच्छी अच्छी सड़कें बन गई, कनेक्टिविटी खूब बढ़ी। नवा रायपुर का निर्माण किया गया। एयर कनेक्टिविटी भी बढ़ी। अब यह सोचना होगा कि उसका प्रयोग कैसे हो। कैसे वहां नई इंडस्ट्रीज लगे और उद्योगों का लाभ मिले।

### अगले चालीस साल स्वर्णिम होंगे

शेयर बाजार में निवेश के भविष्य को रामदेव अग्रवाल बेहतर बताते हैं। उनका कहना है, किसी भी देश के आगे बढ़ने के लिए फॉरेन एक्सचेंज का होना जरूरी है। आज हमारे पास फॉरेन एक्सचेंज है। तकनीक और ऊर्जा का प्रयोग कर हम आगे बढ़ रहे हैं। मेरा विश्वास है कि भारत के अगले 40 साल पिछले 40 सालों की तुलना में स्वर्णिम स्वर्णिम होंगे।

### मातृभूमि के लिए काम करने की इच्छा

मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन के सीएमडी रामदेव अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ शासन, एनआईटी और आईआईएम के बीच त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किया। पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित इस समारोह में उन्होंने दोनों संस्थाओं के लिए 172 करोड़ रुपए के अनुदान की घोषणा की और हस्ताक्षरित चेक संस्थानों को सौंपा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहे। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में रामदेव अग्रवाल ने अपनी मातृभूमि के लिए काम करने की इच्छा जताई। उन्होंने अपने स्कूल के लिए भी काम करने की इच्छा जताई और राज्य शासन से भी सहयोग का आग्रह किया।

### साय ने कहा-गांव-गांव तक पहुंचेगी शिक्षा, कौशल और नवाचार की क्रांति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा इस एमओयू से छत्तीसगढ़ अंजोर विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी। इस साझेदारी से प्रदेश में गांव-गांव तक शिक्षा, कौशल विकास और नवाचार की क्रांति पहुंचेगी, जो युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

### ऐसे होगा 172 करोड़ का उपयोग

रामदेव अग्रवाल ने एनआईटी रायपुर और आईआईएम रायपुर को 172 करोड़ रुपए अनुदान देने की घोषणा की। इसमें से 101 करोड़ रुपए आईआईएम रायपुर को तथा 71 करोड़ रुपए एनआईटी रायपुर को प्रदान किए जाएंगे। इस दान राशि से आईआईएम रायपुर में ओसवाल छात्रावास के 202 कमरे और दाऊ राम गोपाल अग्रवाल नॉलेज सेंटर की स्थापना की जाएगी। एनआईटी रायपुर में मिथिलेश अग्रवाल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ब्लॉकचेन और क्लीन एनर्जी जैसे डीप-टेक क्षेत्रों पर कार्य करेगा।

# ड्रग तस्करी का पाक कनेक्शन, चार एजेंसियां करेंगी जांच, पांच को फिर रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

एक करोड़ रुपए के ड्रग तस्करी मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, पुलिस को ड्रग तस्करी में कई सफेदपोश लोगों के शामिल होने की जानकारी मिल रही है। जिनके नाम सामने आ रहे हैं, उनमें ज्यादातर रईसजादे हैं। ड्रग तस्करी के तार पाकिस्तान से जुड़े होने की वजह से केंद्रीय एजेंसी आईबी के साथ नारकोटिक्स क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की टीम के साथ राज्य की एटीएस जांच में जुट गई है। पुलिस सहित ड्रग तस्करी की जांच अब चार एजेंसियां कर रही हैं। आरोपियों से पूछताछ करने पुलिस ने पूर्व में ली गई तीन आरोपियों की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद गुरुवार को कोर्ट में पेश कर उन तीनों सहित अन्य दो से पूछताछ करने पुनः तीन दिन की पुलिस रिमांड हासिल की है।

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के अनुसार ड्रग तस्करी मामले में जिन लोगों के नाम सामने आ रहे हैं, उनकी तस्दीक कराई जा रही है। तस्दीक होने के बाद संबंधितों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ड्रग तस्करों से जिन लड़कों के नाम मिले हैं, उनमें से ज्यादातर संपन्न वर्ग के हैं। साथ ही देश के साथ महानगरों के क्लब में जाने के शौकीन लड़के हैं। स्थानीय तस्करों से उन लड़कों का संपर्क पढ़ाई के दौरान हुआ है या फिर किसी पार्टी के आयोजन में हुआ है, इसकी पतासाजी की जा रही है।

### इन पांच की पुलिस ने ली रिमांड

ड्रग तस्करी मामले में पूछताछ करने पुलिस ने पाकिस्तान से ड्रग मंगाने वाले पंजाब निवासी लवजीत सिंह उर्फ बंटी के साथ राजनांदगांव निवासी सुवित श्रीवास्तव, महाराष्ट्र, गोंदिया निवासी अनिकेत मालधरे, टाटीबंध निवासी मुकेश सिंह तथा जुनैद उर्फ शेख चिला को रिमांड पर लिया है। रायपुर सहित आसपास के शहरों में ड्रग फैलाने का काम इन पांचों आरोपियों द्वारा किया जाता था। इस वजह से पुलिस इन तीनों से विस्तृत पूछताछ करने रिमांड हासिल की गई है। पूर्व में पुलिस ने मुकेश, सुवित तथा लवजीत की तीन दिन की रिमांड ली थी।

### केंद्रीय एजेंसी ने की पूछताछ

जिन पांच लोगों की पुलिस ने रिमांड हासिल की है, वे सभी तस्कर टिकरापारा थाने में हैं। बताया जा रहा है, नारकोटिक्स के साथ आईबी की टीम ने शुक्रवार को लवजीत के साथ लंबी पूछताछ की है। एटीएस की टीम लवजीत को छोड़ अन्य चार से उनके राज्य तथा राज्य के बाहर के लोगों के साथ संपर्क के बारे में शनिवार को पूछताछ करेगी। आईबी की टीम ने लवजीत के पाकिस्तान के संपर्कों के बारे में पूछताछ की है।

### संपत्ति की जांच

ड्रग तस्करी से जुड़े आरोपियों की पुलिस ने संपत्ति की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों के बैंक डिटेल निकालकर उनके अकाउंट में हर माह कितने का ट्रांजेक्शन होता था, इसकी जानकारी हासिल करने बैंक को सोमवार को पत्र लिखेगी। इसके साथ तस्कर जिन म्यूल अकाउंट के माध्यम से ड्रग की रकम ट्रांजेक्शन करते थे, उन म्यूल अकाउंट के खाताधारकों की पुलिस जानकारी जुटा रही है।

### वायरल वीडियो में जनप्रतिनिधि का बेटा

पिछले दिनों कार तथा फार्महाउस में तीन लड़कों के ड्रग लेने का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में एक युवक की पहचान एक जनप्रतिनिधि के बेटे के रूप में हुई है। पुलिस की एक टीम जल्द ही उस जनप्रतिनिधि के बेटे से संपर्क कर पूछताछ करेगी।






## पंजीयन विभाग सभी को जारी कर चुका है आरआरसी, करोड़ों का मामला

# जिस जमीन पर मकान, उसे खाली बताकर करा ली गई रजिस्ट्री, 12 साल में 400 केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पंजीयन विभाग का सिस्टम ऑनलाइन होने के पहले रायपुर जिले में रजिस्ट्री में गड़बड़ी का बड़ा खेल हुआ है। 12 साल में तकरीबन 400 लोगों ने स्टाम्प ड्यूटी चोरी कर रजिस्ट्री करा ली है। इससे शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी होने पर विभाग ने स्टाम्प ड्यूटी चोरी करने वाले सभी लोगों को पहले कई बार नोटिस जारी किए थे। इन नोटिसों के बाद भी जब लोगों ने चोरी की गई स्टाम्प ड्यूटी को जमा नहीं कराया, तो सभी के विरुद्ध आरआरसी जारी किया है। इसके तहत विभाग इन लोगों से स्टाम्प ड्यूटी की राशि रिकवरी करने उनकी भूमि, संपत्ति को कुर्की भी करा सकता है।




### इस तरह की स्टाम्प ड्यूटी चोरी

विभागीय सूत्रों के अनुसार स्टाम्प चोरी करने लोगों ने कई तरह के तरीके अपनाए गए हैं। इनमें कई लोगों ने वर्गफीट की जगह हेक्टेयर में जमीन दिखाकर रजिस्ट्री करा ली हैं, जिसमें स्टाम्प ड्यूटी कम लगी है। इसी प्रकार कई लोगों ने मकान, भवन निर्मित जमीन को खाली जमीन बताकर उसकी रजिस्ट्री करा ली है, जबकि मकान-भवन की रजिस्ट्री के लिए अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी लगती है।

### रजिस्ट्री के बाद जानकारी मिलने पर नोटिस जारी

पंजीयन विभाग के एक उप पंजीयक ने बताया कि पहले ऑनलाइन सिस्टम नहीं था, इसलिए रजिस्ट्री के समय जो दस्तावेज स्टाम्प ड्यूटी के जमा किए जाते थे, उसके आधार पर रजिस्ट्री कर दी जाती थी। रजिस्ट्री के बाद जब विभाग को पता चलता था कि जिस जमीन की रजिस्ट्री हुई है, उसमें मकान या भवन भी बना हुआ है, तो इसकी जांच कर संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया जाता था कि वह मकान एवं भवन की भी स्टाम्प ड्यूटी जमा कराए, लेकिन इस नोटिस के बाद भी कई लोगों ने जमा नहीं किया।

### रिकवरी करने आरआरसी जारी

स्टाम्प ड्यूटी चोरी के चार सौ प्रकरण में आरआरसी जारी हुआ है। इन लोगों से रिकवरी होनी है। इसकी प्रक्रिया जारी है।

- विनोज कोचे, पंजीयक, पंजीयन विभाग रायपुर

## बिहार वोटर लिस्ट को लेकर जारी विवाद के बीच चुनाव आयोग ने दी सफाई

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार की वोटर लिस्ट को लेकर चुनाव आयोग ( ईसीआई ) ने सफाई दी है। चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची में जो 65 लाख का अंतर दिख रहा है, उसके कई कारण हैं। कुछ लोग दूसरे राज्यों में चले गए, कुछ की मौत हो गई और कुछ ने समय पर फॉर्म जमा नहीं किए। आयोग बिहार की वोटर लिस्ट को सुधार रहा है। बिहार की वोटर लिस्ट के रिवीजन को लेकर विवाद चल रहा है। इस पर चुनाव आयोग ने शुक्रवार को एक प्रेस नोट में विस्तार से सफाई दी। आयोग ने बताया है कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के दौरान लगभग 8 करोड़ फॉर्म वितरित किए गए थे। इनमें से 7.24 करोड़ मतदाताओं के फॉर्म जमा हुए। बता दें, बिहार में 24 जून से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया के बाद अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी।

# कुछ दूसरे राज्यों में चले गए, कुछ ने समय पर जमा नहीं किए फॉर्म

## मतदाता सूची के प्रारूप में 65 लाख के कट गए हैं नाम

### मतदाताओं के नाम हटने के कई कारण

चुनाव आयोग ने फॉर्म वितरण और उनके संग्रह के बीच अंतर के कारण भी स्पष्ट किए हैं। आयोग के अनुसार, 'बीएलओ को ये मतदाता नहीं मिले या उन्हें उनके प्रगणन फॉर्म वापस नहीं मिले क्योंकि वे: अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता बन गए, या उनका अस्तित्व नहीं पाया गया, या उन्होंने 25 जुलाई तक फॉर्म जमा नहीं किया, या किसी अन्य कारण से मतदाता के रूप में पंजीकरण करने के इच्छुक नहीं थे।' आयोग ने फॉर्म वितरण, डाउनलोड, संग्रह और डिजिटलीकरण के आंकड़े भी जारी किए हैं। उसने दैनिक रूप से वितरित, एकत्र और डिजिटाइज्ड प्रगणन फॉर्म का ग्राफिकल डेटा भी शेयर किया है। आयोग के ग्राफ के अनुसार, 65 लाख मतदाताओं का अंतर कई कारणों से है। इनमें 22 लाख मृत व्यक्ति शामिल हैं, 36 लाख लोग या तो बिहार से स्थायी रूप से चले गए हैं या वे मिले ही नहीं। बाकी 7 लाख लोग ऐसे हैं जिनके नाम एक से ज्यादा स्थानों पर दर्ज हैं।



## एक सितंबर तक वोटर लिस्ट में जुड़ सकते हैं नाम

### एक सितंबर तक वोटर लिस्ट में जुड़ सकते हैं नाम

चुनाव आयोग के प्रेस नोट के अनुसार, **SIR** का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं और कोई भी अयोग्य मतदाता शामिल न हो। आयोग ने कहा है कि यदि कोई योग्य व्यक्ति छूट गया है, तो उसे एक सितंबर 2025 तक मतदाता सूची में वापस जोड़ा जा सकता है। आयोग ने यह भी कहा है कि बिहार में मसौदा मतदाता सूची को लेकर किसी भी राजनीतिक दल ने कोई दावा या आपत्ति पेश नहीं की है। उसने राजनीतिक दलों से भी इस प्रक्रिया में शामिल होने की अपील की है। आयोग ने 1 अगस्त को बिहार की मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की थी। इसके बाद आयोग ने लोगों से कहा था कि अगर उन्हें कोई गलती दिखती है तो वे अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। आयोग ने बताया कि मसौदा मतदाता सूची के संबंध में शुक्रवार तक मतदाताओं से सीधे 6,257 दावे और आपत्तियां प्राप्त हुई हैं।

## 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी अंतिम मतदाता सूची


### सुप्रीम कोर्ट ने भी मांगी है 65 लाख लोगों की लिस्ट

सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में सुनवाई चल रही है। एसडीआर ने चुनाव आयोग के 24 जून के एसआईआर आदेश को चुनौती दी है जिस पर सुको चुनाव आयोग से बिहार की वोटर लिस्ट से हटाए गए 65 लाख लोगों की पूरी जानकारी नौ अगस्त तक शेयर करने कहा है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जवल भुइयां और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह ने चुनाव आयोग से उन 65 लाख वोटर्स का ब्योरा मांगा है, जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है।

## खबर संक्षेप


### आतंकी पन्नू ने दी सीएम मान को धमकी

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी और सिख फॉर जस्टिस के मुखी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर सीएम भगवंत मान को जान से मारने की धमकी दे दी है। आतंकी पन्नू ने वीडियो जारी कर दावा किया है कि अगर 31 अगस्त क लैंड पूलिंग बिल को वापस ना लिया गया तो उनका हश्र भी पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह जैसा होने वाला है। आतंकी पन्नू ने ये संदेश एक वीडियो मैसेज के जरिए भेजा है। उसने ये वीडियो वाइट हाऊस के करीब खड़े होकर बनाई है।



### अमेरिका का वेनेजुएलाई राष्ट्रपति पर 50 करोड़ डॉलर का इनाम घोषित

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली जानकारी के लिए घोषित इनाम राशि को दोगुना कर दिया है। अमेरिका ने कहा कि निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी में काम आने वाली जानकारी देने वाले को 4 अरब 38 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। वेनेजुएला के राष्ट्रपति पर अमेरिका 'दुनिया के सबसे बड़े मादक पदार्थों के तस्करों में से एक' होने का आरोप लगाता है।



### पाक-बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ी हिंसा

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में बताया कि सरकार ने पिछले 4 सालों में पाक में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा-अत्याचार की 334 बड़ी घटनाओं और बांग्लादेश में 3,582 अन्य मामलों को औपचारिक रूप से उठाया है।

## बिहार की चुनावी सभा में गृहमंत्री शाह ने साधा राहुल, लालू पर निशाना


# घुसपैठिए महागठबंधन के वोट बैंक... जो भारत में जन्मा नहीं, उसे वोट का अधिकार भी नहीं

*बिहार के सीतामढ़ी से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। शाह एसआईआर, घुसपैठिया, राहुल गांधी पर जमकर बरसे, वहीं, आरजेडी को लालू एंड कंपनी कहकर संबोधित किया। चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बिहार में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया।*

एजेंसी ▶▶| सीतामढ़ी

शाह ने कहा कि राहुल गांधी और विपक्षी नेता एसआईआर का विरोध इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 'घुसपैठिए ही उनका वोट बैंक हैं।' उन्होंने जनता से सवाल करते हुए कहा - 'बिहार विधानसभा चुनाव से पहले, क्या वोटर लिस्ट से घुसपैठियों के नाम हटने चाहिए या नहीं? भारत का संविधान उन लोगों को वोट का अधिकार नहीं देता, जो भारत में जन्मे नहीं हैं।' शाह ने आगे कहा, 'राहुल गांधी को वोट बैंक की राजनीति छोड़नी चाहिए। एसआईआर कोई नया प्रोसेस नहीं है, इसे आपके परदादा जवाहरलाल नेहरू ने शुरू किया था और आखिरी बार यह 2003 में हुआ था। अब जब आप एक के बाद एक चुनाव हार रहे हैं, तो बिहार चुनाव में हार का बहाना पहले से ढूंढ रहे हैं।'

### एसआईआर के विरोध को बताया राजनीति से प्रेरित



### संविधान तनिक पढ़ भी लो

*अमित शाह ने कहा, 'जो भारत में नहीं जन्मा है, उसे भारत में वोट देने का अधिकार भारत का संविधान नहीं देता है। राहुल बाबा... आप संविधान लेकर घूम रहे हो, तनिक उसे खोलकर पढ़ भी लो! घुसपैठियों को इस देश की चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेने का कोई अधिकार नहीं है। घुसपैठिये आपके वोट बैंक हैं, इसलिए आप विरोध कर रहे हैं।'*

### लालू पर भी साधा निशाना

शाह ने इस दौरान आरजेडी चीफ लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधा। भाजपा के दिग्गज नेता ने कहा कि मुझे बताएं लालू यादव किसे बचाना चाहते हो, आज तक चुनाव आयोग ने जो पहली सूची बाहर करी, आपकी पार्टी ने एक भी ऑब्जेक्शन नहीं लिया, कांग्रेस पार्टी ने एक भी ऑब्जेक्शन नहीं लिया। आप उनको बचाना चाहते हो जो बांग्लादेश से आकर हमारे बिहार के युवाओं की नौकरी खा जाते हैं।

### माता सीता मंदिर का किया भूमिपूजन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार के पुनौरा धाम पहुंचे हैं। उन्होंने यहां पर माता सीता मंदिर के भूमिपूजन के बाद जनता को संबोधित किया। अमित शाह ने कहा, 'हमारे मिथिलांचल की संस्कृति केवल यहीं की संस्कृति नहीं है, बल्कि पूरे भारत का गहना है। आज का दिन एक तरह से बहुत शुभ दिन है। यहां सालों पहले रामायण काल में राजा जनक ने भूमि में सोने का हल चलाया और वहीं से मां जानकी प्रकट हुईं. मां जानकी ने बारिश भेजकर आशीर्वाद दिया है। यह न केवल बिहार बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए शुभांकर बनने वाला है।'अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार में मिथिला का अनेक रूप से सम्मान किया गया। शारदा सिन्हा जी को 2018 में पद्म भूषण मिला. 2025 में मरणोपरान्त पद्म विभूषण से सम्मानित करके मिथिला की कला का सम्मान किया गया।

### बिहार में बनेगी हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार

2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर शाह ने दावा किया कि पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जो भारत में जन्मा नहीं, उसको वोट देने का अधिकार संविधान नहीं देता है। घुसपैठियों को वोटिंग का अधिकार नहीं है, इसलिए एसआईआर पर विपक्ष हंगामा कर रहा है। आने वाले दिनों में पूर्ण बहुमत के साथ बिहार में एनडीए की सरकार बनने वाली है।

## रक्षाबंधन के पहले तोहफा

# 'उज्जवला' महिलाओं को मिलती रहेगी सब्सिडी

### मोदी कैबिनेट ने लिए 5 बड़े फैसले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रक्षाबंधन से ठीक एक दिन पहले मोदी सरकार ने देश की करोड़ों बहनों को बड़ा तोहफा दे दिया है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाय) के लिए कैबिनेट कमेटी ने शुक्रवार को 12000 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है। मतलब एलपीजी गैस सिलेंडर पर मिलने वाली सब्सिडी महिलाओं के खाते में आती रहेगी। देश में अभी 10.33 करोड़ से ज्यादा महिलाएं पीएम उज्जवला योजना के तहत सब्सिडी पर गैस सिलेंडर का लाभ उठा रही हैं। इस योजना के तहत महिलाओं को एक साल के भीतर 14.2 किलो वाले 9 गैस सिलेंडर पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी मिलती है। साल 2025-26 में भी इस योजना का लाभ महिलाओं को मिलता रहे, इसके लिए 12000 करोड़ रुपये का बजट पास कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 5 बड़े फैसले लिए गए। इसके तहत, 52,667 करोड़ रुपए के पैकेज को मंजूरी दी, जिसमें एलपीजी, शिक्षा, बुनियादी ढांचा और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास पर विशेष जोर दिया गया है। सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को मजबूत करने के लिए 12,060 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसके अलावा घरेलू रसोई गैस को सस्ता करने के लिए 30000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।



### तेलकंपनियों को मिलेगा मुआवजा

बैठक में तीन सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड , भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) को घरेलू एलपीजी बिक्री पर हुए घाटे की भरपाई के लिए 30000 करोड़ के मुआवजे को मंजूरी दी।

### पूर्वोत्तर पर विशेष फोकस

कैबिनेट मीटिंग में पूर्वोत्तर राज्यों पर विशेष फोकस करते हुए असम और त्रिपुरा के लिए 4,250 करोड़ रुपए का स्पेशल विकास पैकेज स्वीकृत किया गया है। वहीं, दक्षिण भारत में सड़क संपर्क को बेहतर बनाने के लिए मरक्कनम–पुडुचेरी फोर-लेन हाईवे के निर्माण और डेवलपमेंट के लिए 2,157 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## धराली में रेस्क्यू...



**देहरादून।** उत्तराखंड के धराली में बादल फटने से प्रभावित धराली में लोगों को रेस्क्यू किया जा रहा है। शुक्रवार को निकाले गए लोगों को उत्तरकाशी के मातली लाया गया।

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला...

# 'अनाथ बच्चों' के जीवन में पहुंचे शिक्षा का उजाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

क्या अनाथ बच्चे भी स्कूल जा सकते हैं? उन्हें शिक्षा प्रदान करने की तमाम व्यवस्था कौन करेगा? क्या उन्हें भी बाकी बच्चों की तरह बेहतर शिक्षा पाने का अधिकार है? क्या वो भी अच्छी शिक्षा लेकर देश की मुख्यधारा में शामिल हो सकते हैं? यह वो तमाम जरूरी सवाल हैं, जिनका सबसे सटीक जवाब किसी और न नहीं बल्कि देश की सर्वोच्च अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में दे दिया है। अदालत ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वह 2009 के शिक्षा के अधिकार कानून की वंचित श्रेणी में 25 फीसदी आरक्षण के तहत अनाथ बच्चों को शामिल कर चार सप्ताह के भीतर उनका निकटतम निजी स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित किया जाए। ताकि उन्हें शिक्षा का अवसर मिल सके। जस्टिस बी.वी.नागरत्ना और केवी विश्वनाथन की पीठ ने अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता पौलोमी पाविनी शुक्ला की जनहित याचिका पर यह अहम फैसला सुनाया है। जिसका संबंध देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले अनाथ बच्चों की चिंता से था। अपने फैसले में कोर्ट ने केंद्र से 2027 में होने वाली आगामी जनगणना में अनाथ बच्चों के आंकड़े को शामिल करने पर विचार करने के लिए कहा है। मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष यह तथ्य भी आया कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, गुजरात, मेघालय, सिक्किम के साथ ही कई राज्यों ने कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के संबंध में 25 फीसदी आरक्षण के तहत अनाथ बच्चों को शामिल करने के लिए पहले ही अधिसूचना जारी कर दी हैं।


- राज्यों का दिया निर्देश, आरटीई कानून के तहत अनाथ बच्चों को निजी स्कूलों में मिलनी चाहिए मुफ्त शिक्षा



### 4 सप्ताह में राज्य जारी करें अधिसूचना

कोर्ट के निर्देश के मुताबिक, राज्यों को चार सप्ताह के भीतर अधिसूचना जारी कर यह स्पष्ट करना पड़ेगा कि अनाथ बच्चों को आरटीई कानून की धारा 12(1)सी के तहत स्कूलों में दाखिला मिलेगा। पीठ ने उन अनाथ बच्चों का सर्वेक्षण करने के लिए भी कहा है, जिन्हें आरटीई कानून के तहत पहले ही स्कूलों में प्रवेश दिया जा चुका है। इसके अलावा उन बच्चों का भी सर्वेक्षण करना पड़ेगा जो कानून के तहत निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं। अदालत ने राज्यों को अपने फैसले में यह भी स्पष्ट किया है कि जो भी अनाथ बच्चे शिक्षा नहीं ले पाए। उसके पीछे की असल वजह क्या है, उसका पता लगाएं? राज्यों को इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा भी दाखिल करना पड़ेगा।

## शब्द पहेली - 5953



**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

### शब्द पहेली- 5952 का हल



## सूडोकु नवताल - 5963

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5962 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# रक्षाबंधन पर सुमीत बाजार में खास ऑफर्स की बहार, '79 ऑफर' बना ग्राहकों की पसंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रक्षाबंधन, तीज और स्वतंत्रता दिवस जैसे खास पर्वों को देखते हुए छत्तीसगढ़ की प्रमुख रिटेल चेन सुमीत बाजार ने ग्राहकों के लिए एक खास तोहफा पेश किया है। सुमीत बाजार की फेस्टिवल सेल की शुरुआत हो चुकी है, जो 15 अगस्त तक चलेगी। इस सेल में हर उम्र के लोगों के लिए आकर्षक छूट और ऑफर्स की भरमार है।

इस बार की सेल में सबसे ज्यादा चर्चा '79 ऑफर' की हो रही है। इसके तहत ग्राहक 79, 179, 279, 379, 479 और 579 रु में ढेरों बेहतरीन प्रोडक्ट्स खरीद सकते हैं। यह ऑफर सभी सुमीत बाजार स्टोर्स पर लागू है और ग्राहकों को भारी संख्या में आकर्षित कर रहा है।

**ऑफर 15 अगस्त तक चलेगा**

**सेल में हर उम्र के लोगों के लिए आकर्षक छूट**

### हर किसी के लिए कुछ खास

फेस्टिवल सीजन को ध्यान में रखते हुए स्टोर्स में साड़ी, कुर्ती, टीशर्ट, जींस, शर्ट, ट्राउजर्स से लेकर सूटिंग-शर्टिंग, सलवार सूट, गृह उपयोगी वस्तुएं, सजावट और फर्निशिंग आइटम्स तक की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। पुरुषों, महिलाओं, किशोरों और बच्चों के लिए लेटेस्ट फैशन कलेक्शन उपलब्ध कराया गया है, जिसमें शादी और त्योहारों के लिए एथनिक वियर की भी नई वैराइटी है।




### एक ही छत के नीचे संपूर्ण खरीदी

सुमीत बाजार के संचालक संयम कांकरिया का कहना है कि ग्राहक यहां अपने बजट और जरूरत के अनुसार फैमिली शॉपिंग एक ही जगह पर कर सकते हैं। त्योहारों की रौनक और फैशन की चमक को देखते हुए ग्राहकों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। तो इस रक्षाबंधन पर प्यार भी बांटिए और तोहफों की मिठास भी, सिर्फ सुमीत बाजार के साथ।

### रक्षाबंधन को ध्यान में रखकर तैयार कलेक्शन

रक्षाबंधन जैसे पारिवारिक त्योहार के लिए सुमीत बाजार ने भाई-बहनों के रिश्ते की मिठास को और खास बनाने की तैयारी कर ली है। यहां रक्षाबंधन गिफ्ट बॉक्स, महिलाओं के लिए ट्रेंडी कुर्तियां, पुरुषों के लिए सूट और शर्ट्स, और बच्चों के लिए किड्स वियर की शानदार रेंज उपलब्ध है। अगर बहन अपने भाई के लिए शर्ट या सूट खरीदना चाहती हैं या भाई अपनी बहन को साड़ी, कुर्ती या अन्य एथनिक वियर गिफ्ट करना चाहता है, तो सुमीत बाजार में हर बजट के लिए विकल्प मौजूद हैं।

# अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स को मिला 'सर्वश्रेष्ठ ब्राइडल पोल्की ज्वेलरी ऑफ द ईयर' अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के सबसे प्रतिष्ठित आभूषण पुरस्कारों में शुमार रिटेल ज्वेलर्स इंडिया अवार्ड्स 2025 का आयोजन हाल ही में मुंबई के होटल सहारा में बड़े ही भव्य और गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य भारत के प्रमुख ब्रांड अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स को उनकी उत्कृष्ट ब्राइडल पोल्की ज्वेलरी डिज़ाइनों के लिए 'सर्वश्रेष्ठ ब्राइडल पोल्की ज्वेलरी ऑफ द ईयर' अवार्ड से नवाज़ा गया।

1957 से सराफा जगत में उच्चकोटि के आभूषणों के लिए पहचाने जाने वाले इस प्रतिष्ठान के निदेशक सौरभ बरड़िया एवं सिद्धार्थ बरड़िया की रचनात्मकता, परंपरा और गुणवत्ता को इस अवार्ड के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। इस पुरस्कार के चयन की प्रक्रिया में देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों की समिति द्वारा विभिन्न वैश्विक मानकों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें एसबी-एटी ग्रुप पूरी तरह खरा उतरा। पुरस्कार प्राप्त करने पर सौरभ और सिद्धार्थ बरड़िया ने इसे अपने ग्राहकों के विश्वास और संतुष्टि का परिणाम बताया।




उन्होंने कहा, यह पुरस्कार हमारे लिए केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उस परंपरा और विरासत का प्रतीक है जिसे स्व. जसराज बरड़िया ने स्थापित किया था। आज हम उसी प्रेरणा से नई पीढ़ी के रूप में कार्य कर रहे हैं और आगे भी अंतरराष्ट्रीय मंचों तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहेंगे।

## पेज इंडस्ट्रीज के लाभ में 21.52 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** परिधान बनाने वाली कंपनी पेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 21.52 प्रतिशत बढ़कर 200.79 करोड़ रुपये हो गया है। पेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीआईएल) ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को बिक्री में वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखला में दक्षता और लागत अनुकूलन से मदद मिली है। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 165.22 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय तीन प्रतिशत बढ़कर 1,316.56 करोड़

## शुल्क चिंता में सेंसेक्स ने 765 अंक का गोता लगाया

मुंबई। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने और अमेरिकी शुल्क से जुड़ी चिंताओं के बीच शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार में भारी गिरावट आई और सेंसेक्स 765 अंक लुढ़क गया। निफ्टी में भी 233 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल जैसी प्रमुख कंपनियों में भारी बिकवाली से भी बाजार पर दबाव पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 765.47 अंक गिरकर 80,000 के स्तर से नीचे 79,857.79 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,507 शेयर गिरावट में रहे जबकि 1,521 शेयरों में तेजी रही और 145 अन्य अपरिवर्तित रहे। निफ्टी भी 232.85 अंक यानी 0.95 प्रतिशत गिरकर 24,363.30 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार छठा कारोबारी सप्ताह है जब बाजार नुकसान में रहा है।

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
No.15-06/S&P/EE-III/E&T/W/T-204/25/2407 Marwa, dtd. 07-08-2025

**NOTICE INVITING E- TENDER No.: - TN-125/2025**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for work as mentioned below for 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No | Tender Specification No. | RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/Time of submission of bid | Tender Fee | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/S&P/EE-III/E&T/W/T-204/25 | 8100045531 | Annual work contract for supply, erection & commissioning of street light poles for area illumination of senior club campus & vegetable market of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 05.09.2025 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500/- + GST @ 18%) | Rs. 12,400/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P) ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa
// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //

# सोना 800 रुपए चढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टॉकिस्टों की लगातार खरीदारी के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 1,03,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,600 रुपये बढ़कर 1,02,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए बंद स्तर पर रही थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 800 रुपये बढ़कर 1,03,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके साथ यह बृहस्पतिवार के 1,02,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने पिछले सर्वकालिक उच्च स्तर को पार कर गया।



- सोना बढ़कर 1,03,420 रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी में आया 1000 रुपए का उछाल

**पांच सत्रों में चांदी 5,500 रुपए बढ़ी**

*सराफा संघ के अनुसार, शुक्रवार को चांदी की कीमतें भी 1,000 रुपये बढ़कर 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। बृहस्पतिवार को यह 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पिछले पांच सत्रों में चांदी की कीमत में 5,500 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि हुई है।*

**झारखण्ड सरकार**
**आदिवासी कल्याण आयुक्त का कार्यालय, झारखण्ड मंत्रालय, कल्याण कॉम्पलेक्स मोराबादी, राँची**

पत्रांक–01/झा०अनु०जन जाति शिक्षण उत्थान कार्यक्रम–03/2025–

**सूचना (Corrigendum)**

**Advt. PR. No.-359136**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा संचालित ''झारखण्ड अनुसूचित जनजाति शिक्षण उत्थान कार्यक्रम'' के संचालन हेतु एजेंसी/संस्थान के चयन हेतु प्रकाशित Corrigendum/Clarificaion विज्ञापन में निविदा Online समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक– 12.08.2025 को पुनः संशोधित करते हुए दिनांक–13.08.2025 तक विस्तारित किया जाता है।

आदिवासी कल्याण आयुक्त

PR 359265 Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department(25-26)#D

# टाटा मोटर्स के लाभ में 62 फीसदी की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 62.2 प्रतिशत गिरकर 4,003 करोड़ रुपये रह गया। विभिन्न वाहन खंडों की बिक्री घटने और जेएलआर इकाई के लाभ में कमी आने से शुद्ध लाभ घटा है। टाटा समूह की कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजारों को अप्रैल-जून, 2025 तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 10,587 करोड़ रुपये रहा था। आलोच्य तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 1,04,407 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 1,07,102 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि जून तिमाही में उसका प्रदर्शन सभी व्यवसाय खंडों की बिक्री मात्रा में गिरावट और मुख्य रूप से जगुआर लैंडरोवर (जेएलआर) की लाभप्रदता में गिरावट से प्रभावित हुआ है।




- कंपनी का लाभ घटकर 4,003 करोड़ रुपए रहा
- वाहन खंडों की बिक्री घटने व जेएलआर के लाभ में कमी से लाभ घटा

### विलय के बाद मिला लाभ बही-खाते में दर्ज

नियामकीय सूचना के मुताबिक, पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी इकाई टाटा मोटर्स फाइनेंस लिमिटेड (टीएमएफएल) के टाटा कैपिटल लिमिटेड में विलय होने के बाद कंपनी को मिले शेयरों का मूल्य बिक्री मूल्य से अधिक रहने पर 4,975 करोड़ रुपये के लाभ के रूप में बही-खाते में दर्ज किया गया है।

## रामको सीमेंट्स का लाभ बढ़कर 181 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** रामको सीमेंट्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 181.58 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को सीमेंट की कीमतों और परिचालन दक्षता में सुधार से मदद मिली है। वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में मुनाफा 36.57 करोड़ रुपये रहा था।

## सन टीवी नेटवर्क का शुद्ध लाभ 5.38 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली।** सन टीवी नेटवर्क लिमिटेड का अप्रैल-जून तिमही में एकीकृत शुद्ध लाभ 5.38 प्रतिशत घटकर 529.21 करोड़ रुपये रह गया। पिछले वर्ष की इसी तिमाही में मुनाफा 559.32 करोड़ रुपये रहा था। सन टीवी ने बृहस्पतिवार को को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 1.77 प्रतिशत घटकर 1,290.28 करोड़ रुपये रह गई।

# रूसी तेल खरीदी को लेकर सरकार से कोई निर्देश नहीं

- एचपीसीएल के चेयरमैन कौशल ने कहा, तेल खरीदने कोई निर्देश नहीं
- अप्रैल-जून तिमाही में कच्चे तेल की रूस से खरीदी 13.2 प्रतिशत रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी एचपीसीएल के चेयरमैन विकास कौशल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने रूसी तेल की खरीद को रोकने या जारी रखने को लेकर कोई निर्देश नहीं दिया है और पेट्रोलियम कंपनियां केवल आर्थिक आधार पर इस बारे में फैसला कर रही हैं। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के तिमाही नतीजों पर निवेशकों के साथ चर्चा के दौरान कौशल ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में एचपीसीएल द्वारा रिफाइन किए गए कुल कच्चे तेल में रूसी तेल की हिस्सेदारी 13.2 प्रतिशत रही और इसकी आपूर्ति पूरी तरह बंद होने पर भी कोई 'महत्वपूर्ण' असर नहीं पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो दिन पहले ही रूसी तेल आयात जारी रखने की वजह से भारतीय उत्पादों के आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। इसके साथ ही अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर अब कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा। ट्रंप की इस घोषणा के बाद सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों पर रूसी तेल की खरीद को लेकर सरकार से निर्देश आने की संभावना जताई जा रही थी।

**कार्यालय, नगर पंचायत पुसौर जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक/608 / लो.नि.शा./न.पं/2025-26 पुसौर दिनांक 07/08/2025

**ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जिला न्यास खनिज मद अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित Form-A की जाती है:-

1. Date of issue of Tender :- 11/08/2025 Time 10.30 AM
2. Last Date of Online Submission for Technical & Financial Bid :- 01/09/2025 Time 5.30 PM
3. Last Date for Submission of physical bid :- 05/09/2025 Time 5.00 PM
4. Bid Open Date :- 05/09/2025 Time 05.30 PM

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (लाख में) | समय सीमा (वर्षा ऋतु को छोड़कर) | टीडीआर, डीडी एवं शपथ पत्र फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 173388 | Soil testing, Designing & Approval, Construction, Testing & Commsioning (9 months O&M 3 months Trail) of RCC Over Hard Tank (OHT) 12m stagging 350Kl, Water Supply Pipes & its fittings, Bore well, Care Taker Room, Boundary wall Etc. All complete package As per estimate 2 No's in ward -03 & Ward-10 N P Pussore. | 150.00 | 1.13 | 0.03 | 09 माह | 05.09.2025 समय 05.00 PM |
| 2 | 173399 | Construction of Steel Shade, Library Cum Laboratory Building & Meeting Hall At- Govt. H.S. School Ward No 15 | 79.30 | 0.80 | 0.03 | 08 माह | |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। निविदा नियम शर्तो का अवलोकन ध्यान पूर्वक भली भांति किया जावे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पुसौर

## विदेशी मुद्रा भंडार 9.32 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार एक अगस्त को समाप्त सप्ताह में 9.32 अरब डॉलर घटकर 688.87 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.70 अरब डॉलर बढ़कर 698.19 अरब डॉलर हो गया था। एक अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 7.32 अरब डॉलर घटकर 581.61 अरब डॉलर रहा।

## सिल्वर कंज्यूमर का आईपीओ लाने दस्तावेज दाखिल

**नई दिल्ली।** सिल्वर कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (एससीईएल) ने बाजार नियामक सेबी के समक्ष आईपीओ के जरिये 1,400 करोड़ रुपये जुटाने के वास्ते प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। सेबी के समक्ष दाखिल दस्तावेज के अनुसार, आईपीओ में 1,000 करोड़ रुपये के नए शेयर और 400 करोड़ रुपये की ब्रिकी पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

# अमेरिकी शुल्क से भारत के वृद्धि दर पर पड़ेगा असर : मूडीज




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी मूडीज ने शुक्रवार को कहा कि अगर अमेरिका 27 अगस्त से भारतीय निर्यात पर कुल 50 प्रतिशत आयात शुल्क लागू कर देता है तो वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर घटकर छह प्रतिशत रह जाएगी। यह अनुमान चालू वित्त वर्ष के लिए 6.3 प्रतिशत वृद्धि दर के मौजूदा पूर्वानुमान से 0.3 प्रतिशत अंक कम है। हालांकि रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत की मजबूत घरेलू मांग और सेवाओं के क्षेत्र की मजबूती अमेरिकी शुल्क के दबाव को कुछ हद तक कम करने में सफल रहेगी। मूडीज ने कहा कि उच्च अमेरिकी शुल्क पर भारत की प्रतिक्रिया से ही यह तय होगा कि इसकी आर्थिक वृद्धि, मुद्रास्फीति और बाहरी स्थिति पर इसका क्या असर होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने छह अगस्त को भारतीय आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क की घोषणा की थी। इसके साथ ही 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर लगने वाला कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाएगा। मूडीज ने कहा कि भारतीय आयात पर लगाया गया 50 प्रतिशत शुल्क एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अन्य देशों पर लागू 15-20 प्रतिशत शुल्क के मुकाबले कहीं अधिक है।

- अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर 50 फीसदी आयात शुल्क लगाया
- वर्ष 2025-26 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर घटकर छह फीसदी होगी

### विनिर्माण व इलेक्टॉनिक्स क्षेत्र पर पड़ेगा

लंबे समय में इसका असर भारत के विनिर्माण क्षेत्र, खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे मूल्यवर्धित क्षेत्रों की विकास योजनाओं पर पड़ सकता है। एजेंसी ने कहा कि भारत के पास बाहरी अस्थिरता से निपटने के लिए पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है और सरकार संभवतः धीरे-धीरे राजकोषीय और ऋण नियंत्रण पर अपना ध्यान बनाए रखेगी।

### रूस से तेल आयात बढ़कर 56.8 अरब डॉलर पहुंचा

मूडीज ने कहा कि वर्ष 2022 के बाद से भारत ने रूस से सस्ते कच्चे तेल का आयात किया है जिससे उसे मुद्रास्फीति और चालू खाते के घाटे पर दबाव कम करने में मदद मिली है। वर्ष 2024 में भारत का रूस से तेल आयात बढ़कर 56.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि 2021 में यह 2.8 अरब डॉलर था।

**कार्यालय नगर पंचायत घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 863/न.पं./2025-26 घरघोड़ा दिनांक 08/08/2025

**//द्वितीय सूचना //**
**रुचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के अमृत मित्र योजना अंतर्गत "Women for Tree" अभियान में AMRUT 2.0 मिशन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, वृक्षारोपण, रखरखाव, जागरूकता एवं पर्यावरणीय अभियान से संबंधित कार्यों हेतु डे-एनयूएलएम मिशन अंतर्गत पंजीकृत इच्छुक महिला स्व-सहायता समूहों (SHGs) से नगर पंचायत घरघोड़ा क्षेत्र में उक्त कार्य के संचालन हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) दिनांक 13/08/2025 को सायं 5:30 बजे तक स्पीड / पंजीकृत डाक से आमंत्रित की जाती है।

आमंत्रित रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) में निम्नानुसार कार्य सम्मिलित हैं:-
* चयनित स्थलों पर वृक्षारोपण
* पौधों की देखरेख, सिंचाई एवं संधारणीय निगरानी
* पौधों की जियो टैगिंग और नियमित प्रगति रिपोर्टिंग
* वृक्षारोपण एवं पर्यावरणीय संरक्षण हेतु सामुदायिक सहभागिता

कार्य का विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं आमंत्रित रूचि की अभिव्यक्ति में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क राशि रू. 100.00 स्थानीय नगरीय निकाय में जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) संचानालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छ.ग.नवा रायपुर अटल नगर की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ईओआई के पोर्टल पर अपलोड होने की तिथि से 5 दिनों के भीतर इसे जमा किया जाना अनिवार्य है।

उक्त संबंध में भविष्य में जारी निर्देश एवं संशोधन भी केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किए जाएंगे, इच्छुक समूह वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत घरघोड़ा

**कार्यालय नगर पंचायत आमदी, जिला - धमतरी (छ.ग.)**
Email ID- cmoamdi@gmail.com

क्रमांक /695/ न.पं./लोनिवि/2025-26 **ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना** आमदी, दिनांक 04/08/2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत आमदी में स्वच्छ भारत मिशन- शहरी 2.0 अंतर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का विवरण | लागत राशि | अमानत राशि | बिड सबमिशन शुल्क | कार्य अवधि | फिजीकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 173195 | Design, Construction, Testing. Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Aamdi under SBM 2.0 | INR 227.07 Lakh | INR 1.50 Lakh (Rupees One Lakh Fifty Thousand only) TDR/FDR in Favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT AAMDI | INR 10000 (Rupees Ten Thousand only) in form of DD in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT AAMDI | Construction Period- 15 months (including rainy season+03 (three) months of trial run) from the date of issuing of work order | 02.09.2025 Time upto 4.00 PM |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा शर्ते / विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभाग के वेब साईट Main Portal: http//eproc.cgstate.gov.in या http//www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड व देखी जा सकती है अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत आमदी,
जिला-धमतरी (छ.ग.)

**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL) AU & PC, CSPGCL,**
Shed No. 2, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website :www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

No.03-15/W/678 Raipur, date 07.08.2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EDC/AU&PC/HTPS-KW/W/2025/50 | Fly ash utilization by disposal of fly ash in low laying area and abandoned mines from ash dyke Jhabu 4x210 MW HTPS, CSPGCL, Korba West | 857.34 Lacs | 5,00,000/- | 06 Months | 8100045419 |
| 2 | EDC/AU&PC/HTPS-KW/W/2025/51 | Fly ash utilization by disposal of fly ash in low laying area and abandoned mines from ash dyke Dindolbhata 1x500 MW Extn. HTPS, CSPGCL, Korba West | 851.88 Lacs | 5,00,000/- | 06 Months | 8100045420 |

**Cost of tender form is Rs. 1180/- (Rs.1000/- + 18% GST). The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 27.08.2025 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 29.08.2025 (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj /portal.**

**Note:- (i) The L-1 bidder shall be decided on overall cost to company basis including GST.(ii)In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder.(iii)Maintenance period for the work shall be 12 Months.**

Executive Director (Civil) AU & PC,
CSPGCL, Raipur

//Save Electricity//

# सब्जियों की कीमतों में गिरावट से घर का बना खाना हुआ सस्ता

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सब्जियों की कीमतें कुछ कम होने के कारण जुलाई में घर पर बने शाकाहारी के साथ-साथ मांसाहारी भोजन की औसत लागत में कमी आई है। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

क्रिसिल इंटेलिजेंस की रोटी-चावल दर रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी थाली की कीमत सालाना आधार पर 14 प्रतिशत घटकर 28.1 रुपये रह गई, जो पहले 32.6 रुपये थी। हालांकि, मासिक आधार पर इसमें चार प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि जून में यह 27.1 रुपये थी।



## आलू, प्याज की कीमतें स्थिर रहने की उम्मीद

हालांकि, शर्मा ने कहा कि गिरावट सीमित रह सकती है क्योंकि आलू और प्याज की कीमतें आगे भी स्थिर रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में बताया गया है कि शाकाहारी थाली की कीमतों में टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में भारी गिरावट के कारण आई है।

## मांसाहारी थाली 53.5 रुपए प्रति प्लेट

मांसाहारी भोजन की कीमतें सालाना आधार पर 13 प्रतिशत और मासिक आधार पर दो प्रतिशत घटकर 53.5 रुपये प्रति प्लेट रह गईं। इसके निदेशक, पुशन शर्मा ने कहा, "निकट भविष्य में, टमाटर की कीमतों के ऊंचे आधार के कारण थाली की कीमतें सालाना आधार पर कम रहने की उम्मीद है। दालों के अनुमानित अधिक उत्पादन से भी कीमतों में नरमी आने की संभावना है।"

## ब्रॉयलर की कीमतें मासिक आधार पर नौ फीसदी कम

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि मांसाहारी भोजन के मामले में, सब्जियों की कम कीमतों और ब्रॉयलर की कीमतों में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत और मासिक आधार पर नौ प्रतिशत की गिरावट ने मदद की।

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने पहली तिमाही में रिकॉर्ड 44,218 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में संचयी रूप से 44,218 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड मुनाफा कमाया। यह पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। बीते वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी 12 बैंकों ने कुल मिलाकर 39,974 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। कुल मिलाकर लाभ में 4,244 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। शेयर बाजारों पर प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, एसबीआई ने अकेले 44,218 करोड़ रुपये के कुल लाभ में 43 प्रतिशत का योगदान दिया। एसबीआई ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 19,160 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। चेन्नई स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक ने सर्वाधिक 76 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,111 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ अर्जित किया, जिसके बाद पंजाब एंड सिंध बैंक का शुद्ध लाभ 48 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 269 करोड़ रुपये रहा। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 32.8 प्रतिशत बढ़कर 1,169 करोड़ रुपये, इंडियन बैंक का शुद्ध लाभ 23.7 प्रतिशत बढ़कर 2,973 करोड़ रुपये और बैंक ऑफ महाराष्ट्र का शुद्ध लाभ 23.2 प्रतिशत बढ़कर 1,593 करोड़ रुपये रहा।




## एसबीआई का लाभ 12% बढ़कर 19,160 करोड़ रुपए

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 19,160 करोड़ हो गया। बैंक का गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 17,035 करोड़ रुपये रहा था।

## पीएनबी को छोड़ सभी बैंकों के लाभ में इजाफा

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को छोड़कर, बाकी सार्वजनिक क्षेत्र के सभी 12 बैंकों के मुनाफे में वृद्धि हुई है। पीएनबी का शुद्ध लाभ 48 प्रतिशत घटकर 1,675 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 3,252 करोड़ रुपये था।

## कुल आय बढ़कर 1,35,342 करोड़

भारतीय स्टेट बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 1,35,342 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 1,22,688 करोड़ रुपये थी। बैंक द्वारा अर्जित ब्याज आय बढ़कर 1,17,996 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 1,11,526 करोड़ रुपये थी। परिचालन लाभ भी सालाना आधार पर 26,449 करोड़ रुपये से बढ़कर 30,544 करोड़ रुपये हो गया। परिसंपत्ति गुणवत्ता की बात करें तो बैंक की जून तिमाही के अंत में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) घटकर सकल अग्रिमों का 1.83 प्रतिशत रह जाने के साथ इसमें सुधार हुआ जो एक साल पहले 2.21 प्रतिशत थी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 49 साल पहले ....

अधिकारी सकते में आ गए। **2840 हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता विकसित होनी थी**- जशपुर जिले की हल्दीमुंडा योजना का विषय इसलिए भी गंभीर रहा क्योंकि जशपुर मुख्यमंत्री का गृह जिला है। यहां 20 अक्टूबर 1976 को जब ये योजना स्वीकृत हुई थी, तब उसकी लागत 29.66 लाख रुपए थी। इस योजना के पूरे होने पर 2840 हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता विकसित होनी थी। वहां जब योजना पर काम शुरु हुआ तो किसानों से उनकी जमीनें अधिग्रहीत की गई थी। लेकिन आज तक योजना पूरी नहीं हो पाई। बताया गया है कि अब योजना की लागत बढ़कर 78.92 करोड़ रुपए हो गई है। समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने योजना पूरी करने के लिए अब 53 करोड़ रुपयों की मांग की है।

### ये है मामला सिंचाई ....

सकते में आ गए। श्री साय ने कहा कि विभाग किस तरह काम कर रहा है। परियोजनाओं की लागत भी बढ़ रही है और किसानों को लाभ भी नहीं हो पा रहा।

### राहुल बोले- मोदी 'वोट ....

बेंगलुरु के 'फ्रीडम पार्क' में आयोजित इस रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला, राज्य सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक और कई अन्य नेता शामिल हुए।

### सोने-चांदी और हीरे...

जड़ित राखियां भी तलाशती रहीं। सराफा बाजार में इस वर्ष 1 लाख से लेकर 17 लाख रुपये तक की प्रीमियम राखियां उपलब्ध हैं, जो खरीदारों को आकर्षित कर रही हैं। व्यापारियों के मुताबिक, इन महंगी राखियों को खास डिजाइन और भारतीय परंपराओं के टच के साथ तैयार किया गया है। इन राखियों को बांधने के बाद पेंडेंट या ब्रेसलेट के रूप में उपयोग में लाया जा सकता है, जिससे यह राखियां सिर्फ एक दिन की नहीं बल्कि लाइफटाइम मेमोरी के तौर पर साथ रहेंगी।

### इंडियन ट्रेडिशनल टच के...

यह है कि त्योहार के बाद इसे पेंडेंट के रूप में उपयोग में लाया जा सकता है। खास कलेक्शन में डायमंड के अलावा चांदी और सोने की राखियां भी बड़ी संख्या में खरीदी जा रही, इन राखियों को इंडियन ट्रेडिशनल टच के साथ-साथ मॉडर्न डिजाइन का भी समावेश किया गया है, जो खरीदारों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है। कई और ज्वेलर्स में भी इस तरह की राखियों की मांग रही। देर शाम तक यहां खरीदारी होती रही।

### बेजान कलाइयों में...

नक्सलियों के साथ चली मुठभेड़ में जवानों ने शहादत दी थी। जिनकी याद में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्थित एर्राबोर में बने शहीद स्मारकों में बहनें शहीद अपने भाइयों के कलाइयों में राखी प्रति वर्ष बांधने पहुंचती है। 9 जुलाई 2007 को घटित इस मुठभेड़ में 23 परिवार के भाइयों ने उरपालमेटला गांव में बलिदान दिया था। जिनमें से अधिकतर जवान कोंटा विकासखंड के एर्राबोर, मराईगुड़ा और मुलाकिसोली पंचायत के थे। जिनकी याद में यहां स्मारक बने है और बहनें प्रतिवर्ष राखी बांधने यहां पहुंचती हैं।

### भारत की 'चुप रहो,...

सरकार का कहना है कि हमारी अर्थव्यवस्था की प्रकृति को देखते हुए कुछ सीमाएं हैं। कृषि और डेयरी क्षेत्र करोड़ों गरीब किसानों की रोजी-रोटी से जुड़े हैं, इसलिए इन क्षेत्रों को खोलने को लेकर हमारे पास ज्यादा लचीलापन नहीं है। सूत्र ने आगे बताया, "फिर भी, हमारे वार्ताकार अमेरिका से बातचीत में पूरी नीयत और आत्मविश्वास के साथ हिस्सा ले रहे हैं। जब हम किसी बात पर सहमत होते हैं, तो उस पर टिके रहते हैं। लेकिन अमेरिका की ओर से ऐसा नहीं होता। कई बार ऐसा हुआ है कि अमेरिकी अधिकारी किसी मुद्दे पर सहमत हुए, लेकिन बाद में राजनीतिक मंजूरी नहीं मिलने पर पीछे हट गए। कई बार तो उन्होंने इसके लिए माफी भी मांगी है यह सब कहने के बाद भी, बातचीत काफी रचनात्मक रही है और हम समझौते के बहुत करीब थे। लेकिन अब कुछ कूटनीतिक और गैर-व्यापारिक मुद्दे सामने आ गए हैं।" **ट्रेड डील पर पांच दौर की हो चुकी है बातचीत**- भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर कई महीनों से बातचीत चल रही थी। तब से अब तक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। पांच महीनों में पांच बैठकों के बाद भी भारत-अमेरिका समझौता नहीं कर पाए। जानकारी के अनुसार कृषि और डेयरी जैसे कुछ मुद्दों की वजह से दोनों देश डील फाइनल नहीं कर पाए। इस बीच ट्रंप ने भारत पर भारी भरकम टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया।

### मेडिकल ऑफिसर की...

के बाद वे घर गए थे और रात में सोते वक्त उन्हें सिरदर्द हुआ और वे बेहोश हो गए। परिवार वाले उन्हें हास्पिटल लेकर पहुंचे, मगर काफी इलाज के बाद भी उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। जांच में पता चला कि उन्हें आंतरिक रक्तस्राव हुआ था। डॉ. प्रशांत सिंह को विशेषज्ञों की टीम ने ब्रेनडेड घोषित किया, जिसके बाद उनकी पुत्री एवं परिजनों की सहमति से उनके अंगदान की प्रक्रिया पूरी की गई। 7 अगस्त की शाम को सभी आवश्यक कानूनी व चिकित्सकीय औपचारिकताओं की पूर्ति के पश्चात समय की प्रतिबद्धता एवं मरीजों के शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक किडनी एनएच एमएमआई नारायणा अस्पताल, रायपुर एवं दूसरी किडनी एम्स रायपुर को सौंपी गई। हास्पिटल में काफी जटिल सर्जरी के बाद उनकी किडनी प्राप्त की गई और जिला प्रशासन की मदद से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर उसे रायपुर के हास्पिटल तक पहुंचाया गया। वहीं सर्जरी की पूरी तैयारी थी और दोनों किडनी जरूरतमंद मरीजों को ट्रांसप्लांट की गई।

सभी प्रकार की एलर्जी
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids सुनाई मशीन • Dental/ दंत रोग • मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्टी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

जॉइंट्स पेन के लिए रामबाण तेल
Since-2000
S.M. OIL®
सभी आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध।
हर प्रकार के वात रोग, गठिया वात, लकवा, हाथ पांव, कमर, पीठ, जोड़ों का दर्द, जोड़ों का अकड़ना, सूजन, मोच, हड्डी फ्रैक्चर आदि में परम गुणकारी
Customer Care No. 9425296176
तुरंत पाये आराम

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**- फाइनेन्स कम्पनी में सेल्स मैनेजर की आवश्यकता है योग्यता स्नातक, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीराम टॉवर के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 7879923905, 9977089866 (38416)

**आवश्यकता है**- मोबाईल सर्विस सेंटर में एक स्टोर मैनेजर, रिसेप्शनिस्ट, मोबाइल एसेसरीज, मोबाइल रिपेयरिंग एवं साफ सफाई हेतु युवक/ युवती चाहिये वेतन 10000+ सम्पर्क करें- गुप्ता मोबाइल मेन रोड जूना बिलासपुर 8602390000 (38420)

**आवश्यकता है**- रूमसर्विस हेतु अनुभवी वेटर्स एवं कुक की आवश्यकता है संपर्क करें सुबह 9 से 11 तक हॉटल शिवनेरी लिंकरोड बिलासपुर (38417)

**आवश्यकता है**- दवाई दुकान में काम करने के लिए केवल लड़के, कार्य पिकर, चेकर, लोकल डिलीवरी, पैकर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जगत फार्मा, होटल अजीत के पीछे, मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (38412)

**आवश्यकता है**- वेल्डर फायर फाइटिंग प्रोजेक्ट के एमएस पाईप लाइन के कार्य हेतु वेल्डर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- एमएस सर्विसेस सरकंडा बिलासपुर 9039524801, 9753511108 (38411)

**आवश्यकता है**- मेन्स वियर शोरूम में कार्य करने हेतु फ्रेशर/ अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- शिवम मेन्स वियर, होटल अजीत के सामने तेलीपारा बिलासपुर 9098888271, 6266622011 (38404)

**आवश्यकता है**- अतुल आटो तिफरा में निम्न पदों की आवश्यकता है सर्विस सुपरवाइजर- 2, ड्राइवर- 2, मैकेनिक- 5, हेल्पर- 5 अनुभवी ही सम्पर्क करें- 9303555032 (38419)

**आवश्यकता है**- ऑफिस, कम्प्यूटर आपरेटर, गार्ड, कटर, फिटर, सुपरवाइजर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, चपरासी, स्टोर कीपर, पावर प्लांट हेतु 5-12वीं पास लड़के, लड़कियां चाहिए वेतन 10000 से 30000+ मेडिकल रहना, सम्पर्क- सीपत बिलासपुर 7772950319 (38401)

**आवश्यकता है**- गजमुख कंस्ट्रक्शन कम्पनी में कार्य करने के लिए 10 पद लड़क एवं लड़की स्टाफ की आवश्यकता है वेतन+ कमीशन उपलब्ध सम्पर्क करें- 7415552666 (38403)

**आवश्यकता है**- (1) ऑफिस असिस्टेंट फीमेल-2, मेल-2 (2) गोडाउन इंचार्ज-1 (3) ITI की पढ़े हुए टेक्नीकल असिस्टेंट-2 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रतीक ऑटोमोबाइल, बबल आइलैंड के सामने सिरगिटी रोड बिलासपुर - 8827773222 (38389)

**आवश्यकता है**- पोल्ट्री फार्म में काम करने के लिए मैनेजर और सुपरवाइजर की आवश्यकता है रहने की सुविधा वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करे 9424140566 (38407)

**आवश्यकता है**- त्रिमूर्ति मोटर्स में एक फिमेल बेसिक कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। एक्सेल नॉलेज जरूरी फील्ड सेल्स एक्जीक्यूटिव वेतन 8000 से 17000 संपर्कः त्रिमूर्ति मोटर्स सकरी 9244644241, 7000261672 (38409)

**आवश्यकता है**- फैक्ट्री में काम करने हेतु मेहनती एवं ईमानदार सुपरवाइजर/ मैनेजर एवं काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- तिफरा इंडस्ट्रियल एरिया बिलासपुर 8827951155 (38396)

**आवश्यकता है**- होलसेल कपड़ा दुकान में कम्प्यूटर बिलिंग हेतु लड़की एवं दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- हीरा ट्रेडिंग कम्पनी श्रीराम क्लाथ मार्केट बिलासपुर 9827112950, 8319617107 (38394)

**आवश्यकता है**- लॉज में सभी काम बिजली, नल, फर्नीचर, लेबर काम करवाने का जानकार लड़का कर्मचारी/ लड़कों। वेतन 10000 ग्रामीणों को रहना खाना निःशुल्क पता- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9406390898, 9827940898 (38395)

**आवश्यकता है**- कैफे में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- एचडी कैफे, पुराना हाई कोर्ट रोड, गांधी चौक के पास, बिलासपुर 9039064800 (38397)

**आवश्यकता है**- रियल स्टेट ऑफिस में कार्य करने हेतु शिक्षित, अनुशासित, युवक की आवश्यकता है। वेतन एवं कमीशन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- सेन्ट्रल लाइब्रेरी के पास नूतन चौक सीपत रोड बिलासपुर 7024445442 (38386)

**आवश्यकता है**- कम्प्यूटर कार्य एवं हिन्दी टाइपिंग में निपुण अनुभवी, फील्ड हेतु मेहनती सुपरवाइजर, घरेलू कार्य, महिला की देखभाल हेतु महिला/ युवती, कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर चाहिए। सम्पर्क करें- 9589944464, 6267249741 (38402)

**आवश्यकता है**- बिलासपुर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिला वर्कर्स ढूंढने हेतु फील्ड स्टाफ चाहिए। योग्यता NGO, रोजगार सहायक, सर्वे कार्य किया, कुशल संवाद क्षमता। वेतन 8000 से 12000+ इंसेंटिव सम्पर्क- 9244664654 (38392)

**आवश्यकता है**- बिलासपुर व्यापार विहार तेलीपारा पुराना बस स्टैण्ड सरकंडा कोनी सिरगिट्टी परसदा तिफरा हेतु सुरक्षा गार्ड चाहिए वेतन 9000 से 10000 आवास मुफ्त सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- 9993336942, 9589316942 (38391)

**आवश्यकता है**- मैकेनिक 10 एवं हेल्पर 10 की आवश्यकता है जिन्हें आटो सर्विस सेन्टर में कार्य का अनुभव हो सम्पर्क करें- 9303555032, 7805078974 (38339)

**आवश्यकता है**- ज्वेलरी शॉप में कार्य करने के लिए अनुभवी सेल्समैन युवक, सेल्सगर्ल युवती एव एक कार ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मंगलम ज्वेलर्स सदर बाजार बिलासपुर (38408)

**आवश्यकता है**- रायपुर एवं रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु 8,10 पास, हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले वेतन 14500 से 18000 रहना फ्री+ PF + ESIC + खाने की सुविधा. Mo. 9201958117, 9201958114 (6764)

**आवश्यकता है**- मंगला दीनदयाल कॉलोनी के पास स्थित हमारे बगीचे की देखभाल के लिए एक अनुभवी और मेहनती माली एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़के की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9755042841, 9755535553 (38385)

**आवश्यकता है**- फुल टाइम एकाउंटेंट की। जिसे Tally Prime में काम करना आता हो einvoice, eway bill बनाना आता हो सम्पर्क करें- अविनाश मोदी पी-2, संजय अपार्टमेन्ट व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 9179991222 (517)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**आवश्यकता है**- घर में खाना बनाने के लिए कुक पुरुष कर्मचारी की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध। आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें- 9827195555 (38387)

**आवश्यकता है**- घरेलू सभी कार्य एवं हाउस कीपिंग हेतु महिला की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-वसुंधरा नगर पल्लव भवन के सामने रिंग रोड नं-2 बिलासपुर 7974626975 (38384)

**आवश्यकता है**-भटगांव बस स्टैंड ISBT के समीप लड़कियों/ महिलाओं हेतु सर्वसुविधायुक्त हॉस्टल/ पीजी बेड मात्र 2700 प्रतिमाह एवं 300 प्रतिदिन में उपलब्ध DRD लेडीज हॉस्टल संपर्क -I-1, साईं विला भाटागांव 9827898889 (6765)

**बेचना है**- रायपुर रोड में बिलासपुर हाईकोर्ट के सामने, एयरपोर्ट रोड, मेन रोड से 50मी. अन्दर 50×200 वर्गफीट, व्यावसायिक, डायवर्सन, बाउन्ड्रीवाल, कार शोरूम, आटोमोबाईल, होटल एवं अन्य व्यावसायिक उपयोग हेतु उपयुक्त प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें-9300310774 (38390)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य की आवश्यकता है 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो ग्वालियर में रहकर काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस प्रमोशन+ ट्रेनिंग के बाद कमाए 15000 से 20000 सम्पर्क करें-9039470547, 8815522974 (6713)

## बेचना

**बेचना है**-महाराणा प्रताप चौक सांई बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK मकान 22×45 ईस्ट फेसिंग 55लाख में बेचना है (लोन सुविधा उपलब्ध) सम्पर्क करें- 8461997770, 9329940681 (38366)

**बेचना है**- बिलासपुर सिरगिट्टी के गोविन्द नगर में एक प्लाट 3225 वर्गफीट, व्यापार विहार में दुकान के लिए प्लाट शीघ्र बेचना है इच्छुक व्यक्ति ही संपर्क करें 9630083740, 9770676030 (38393)

## खरीदना

**खरीदना**- बिलासपुर से अधिकतम 15 कि.मी. की दूरी पर मेन रोड से लगी हुई कृषि भूमि खरीदना है। कृपया भूमि स्वामी ही सम्पर्क करें- 8349054531 (38365)

## किराया

**Rent** - Shop available for rent. With interior and AC 19×21, 19×25 sqft Ware House road Bilaspur (C.G.) Contact number 8822222230 (38406)

**किराया**- श्री राम टावर व्यापार विहार, बिलासपुर में थर्ड फ्लोर पर स्थित डी-3 में 2बीएचके सर्वसुविधा युक्त फ्लैट किराये से देना है सम्पर्क करें- 9993721402 (38405)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25

1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# प्रियांश आर्या की विस्फोटक बल्लेबाजी, 52 बॉल पर जड़ा शतक

## आक्रामक पारी में लगाए 7 चौके और 9 छक्के

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली प्रीमियर लीग में खिलाड़ी कमाल का खेल दिखा रहे हैं। आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले प्रियांश आर्या ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने केवल 52 बॉल पर ही अपना शतक पूरा किया। इसमें उन्होंने 7 चौके और 9 छक्के लगाए।

प्रियांश आर्या डीपीएल में आउट दिल्ली वॉरियर्स के लिए खेल रहे हैं। वे अपनी टीम के लिए ओपनिंग करने के लिए उतरे और मैदान पर पहुंचते ही चौके और छक्कों की लाइन सी लगा दी। उन्होंने पहले अपना अर्धशतक पूरा किया और उसके बाद केवल 52 बॉल खेलकर शानदार सैकड़ा पूरा किया। इसके बाद 56 बॉल पर 111 रन बनाकर वे आउट हो गए। अपनी इस आक्रामक पारी के दौरान उन्होंने 7 चौके और 9 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 198.21 का रहा।



### आईपीएल में की थी शानदार बल्लेबाज

आईपीएल में इसी साल प्रियांश आर्या ने कमाल की बल्लेबाजी की थी। उन्होंने 17 मैच खेलकर 475 रन बनाए थे। प्रियांश ने एक शतक और दो अर्धशतक अपने नाम किए थे। उनका औसत 27.94 का रहा था। बात अगर डीपीएल की करें तो आउटर दिल्ली वॉरियर्स की टीम ने तीन मैच खेलकर अब तक केवल एक ही जीता है। टीम अभी दो अंक लेकर चौथे स्थान पर है। देखना होगा कि टीम और खुद प्रियांश आर्या कैसा प्रदर्शन करते हैं।



### करन गर्ग ने 24 बॉल पर बनाए 43 रन

कमाल की बात ये है कि जहां एक ओर प्रियांश आर्या ने शानदार सैकड़ा जड़ा, वहीं टीम का दूसरा कोई बल्लेबाज अर्धशतक तक नहीं पहुंच पाया। टीम के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्कोर करन गर्ग ने किया, जिन्होंने 24 बॉल पर कमाल के 43 रन बनाए। उन्होंने दो छक्के और पांच चौके लगाने का काम किया। इन्हीं दो बल्लेबाजें की बदौलत टीम ने 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 231 रन बना दिए।

## खबर संक्षेप

### पंजाब ने जीता सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब



**चेन्नई।** मनदीप सिंह के दो गोल की मदद से पंजाब ने 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में झारखंड को 4-3 से हराकर खिताब जीत लिया। खिताबी मुकाबला काफी करीबी रहा, जिसमें आखिरी पलों तक दोनों टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। झारखंड ने दूसरे क्वार्टर में आशीष टानी पूर्ति (21वें) और अनीश डुंगडुंग (24वें) के गोल से बढ़त कायम की लेकिन पंजाब की टीम ने दो मिनट के अंदर अक्षत सलारिया (29वें) और वरिंदर सिंह (30वें) के गोल से मध्यांतर से पहले स्कोर बराबर कर दिया। झारखंड के सुखू गुरिया (42वें) ने अपनी टीम को एक बार फिर बढ़त दिलाई। लेकिन पंजाब के मनदीप (45वें, 53वें) के दो गोल ने टीम की जीत पक्की कर दी। इससे पहले उत्तर प्रदेश ने कांस्य पदक के मुकाबले में मध्य प्रदेश को 5-3 से हराया।

### नेक्सो चैंपियनशिप : अहलावत 43वें, शुभंकर 77वें स्थान पर

**अबेरडीनशर (स्कॉटलैंड)।** भारत के वीर अहलावत एक ओवर 73 के स्कोर के साथ डीपी विश्व टूर की नेक्सो गोल्फ चैंपियनशिप के पहले दौर के बाद 43वें स्थान पर हैं जबकि शुभंकर शर्मा खराब शुरूआत के बाद संयुक्त 77वें स्थान पर हैं।

### 18 साल की एमबोको ने फाइनल में नाओमी को तीन सेट के कड़े मुकाबले में हराया

# नेशनल बैंक ओपन: टेनिस में नई चमक विक्टोरिया और शेल्टन बने चैंपियन

एजेंसी ▶▶ मॉन्ट्रियल

एमबोको और शेल्टन नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के नए चैंपियन बन गए हैं। महिला वर्ग में एमबोको ने ओसाका का मात दी। पुरुष एकल में बेन शेल्टन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए खाचानोव को हराकर खिताब अपने नाम किया है। कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए फाइनल में नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले मुकाबले में पराजित करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता।

### विक्टोरिया ने लगाई जबर्दस्त छलांग विश्व रैंकिंग में 85वें से 25वें स्थान पर पहुंची




### खिताब जीतने वाली बनीं कनाडा की तीसरी खिलाड़ी

इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में 85वें से 25वें स्थान पर पहुंच जाएंगी। विक्टोरिया ओपन युग में यह खिताब जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले 1969 में फेय अर्बन और 2019 में बियांका एंड्रीस्कू ने यह उपलब्धि हासिल की थी। इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली विक्टोरिया को पूरे मैच के दौरान दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। ओसाका ने मैच प्वांइट पर जैसे ही नेट में शॉट मारा विक्टोरिया घुटनों के बल बैठ गई और दर्शक खुशी से झूमने लगे। विक्टोरिया वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली तीसरी ऐसी खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता। उनसे पहले 2011 में सिनसिनाटी में मारिया शारापोवा और 2019 में इंडियन वेल्स में एंड्रीस्कू ने खिताब जीता था।

### बेन ने जीता तीसरा सबसे बड़ा खिताब




अमेरिका के बेन शेल्टन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपने करियर का तीसरा और सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव को 6-7 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय शेल्टन 2003 में एंडी रोडिक के बाद मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता जीतने वाले अमेरिका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। शेल्टन ने 2023 में तोक्यो में हार्ड कोर्ट पर और पिछले साल ह्यूस्टन में क्ले कोर्ट पर भी जीत हासिल की थी। इस जीत से शेल्टन विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच जाएंगे। पुरुष युगल के फाइनल में जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 6-3, 6-7 (5), 13-11 से हराया।

## आईपीएल

# राजस्थान रॉयल्स को अलविदा कह सकते हैं संजू सैमसन?



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने अपनी फ्रेंचाइजी से आग्रह किया है कि उन्हें आईपीएल के अगल सीजन से पहले टीम के रिलीज कर दिया जाए। वहीं कई रिपोर्ट्स के मुताबिक यह कहा जा रहा है कि अगर संजू को राजस्थान टीम रिलीज कर देती है तो उन्हें सीएसके अपने साथ जोड़ सकती है, लेकिन इन सारी बातों के बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कुछ अलग ही दावा किया है।

**कार्यालय नगर पंचायत, भटगाँव जिला - सूरजपुर (छ.ग.)**

क्रमांक 912/न.पं. / 2025-26 भटगांव, दिनांक 07/08/2025

**// संशोधित ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा जारी निविदा क्र. 904 दिनांक 06.08.2025 द्वारा एस.टी.पी निर्माण (इंटरसेप्शन एवं डायवर्सन ड्रेन सहित एवं 05 वर्ष हेतु संचालन एवं संधारण सहित) लागत राशि 187.49 निकाली गई थी जिसका सिस्टम टेंडर नंबर 173368 है। जो कि ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurement.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://uad.cg.gov.in/ पर देखा व डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भटगाँव, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

### पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर अली निलंबित



**मैनचेस्टर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि उसके बल्लेबाज हैदर अली के खिलाफ इंग्लैंड में आपराधिक जांच चल रही है और उसे तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस बीच ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने कहा है कि बलात्कार के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पीसीबी ने कहा कि क्रिकेटर हैदर अली से जुड़ी जांच पाकिस्तान शाहीन टीम (पाकिस्तान ए टीम) के हालिया इंग्लैंड दौरे के दौरान हुई एक घटना को लेकर की जा रही है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे** प्रोफार्मा 10-1

**सार्वजनिक अधिसूचना**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नीचे उल्लेखित खंड के पूर्ण हो चुके खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, एसी ओवरहेड ट्रैक्शन तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि को या उसके बाद सक्रिय किया जाएगा। उसी तारीख से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को हर समय चालू माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के निकट नहीं आएगा या का नही करेगा।

सेक्शन- निजी साइडिंग, एसईसीएल कुसमुंडा यार्ड दिनांक: 20.08.2025

1. लाइन संख्या 05 के स्थान KBS-L-5/59N Ch: 2/785.50 से KBS-1/G 14 Ch: 01/360 तक के लिए। TKM: 1.360 KM

महाप्रबंधक
SECL/25-26/119 राइट्स लिमिटेड, पीयू बिलासपुर

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

**पर्यावरण स्वीकृति सूचना**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है की, पर्यावरण, वन एवं जल-वायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना S.O. 1530 दिनांक 06.04.2018 के तहत, एसईसीएल कोरबा क्षेत्र अंतर्गत संचालित रजगामार भूमिगत खदान (क्षेत्रफल: 1890.93 हे. उत्पादन क्षमता: 0.45 एमटीपीए) को पर्यावरण, वन एवं जल-वायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा 0.45 मिलियन टन प्रतिवर्ष की उत्पादन क्षमता हेतु पुनर्वैधीकरण पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र क्र. F.no. J-11015/165/2005-IA.II(M) दिनांक 04.08.2025 के माध्यम से प्राप्त हुई है। उक्त पर्यावरणीय स्वीकृति को पर्यावरण, वन एवं जल-वायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की वेबसाईट: https://parivesh.nic.in/ पर भी देखा जा सकता है व छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर मुख्यालय व कोरबा क्षेत्रीय कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है। SECL/120

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना क्रमांक: एनआईटी/11/25/18, दिनांक 31.07.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामाग्री प्रबंधक/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर संभाग निम्नलिखित सामग्रियों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है।

| क्रमांक | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा पत्र लागत (रु.) | अर्नेस्ट मनी डिपोजिट (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11255449 | 01/09/2025 | 10:30 | 00 | 239940.00 |

विवरण : आरडीएसओ मानकों के अनुसार, विभिन्न आकारों के उच्च तन्यता वाले स्टड बोल्ट, नट सहित, एक सिंगल कॉइल स्प्रिंग वॉशर और एक प्लेट वॉशर का निर्माण और आपूर्ति। अनुबंध की विशेष शर्तों के अनुलंग्नक-सी/1 में दिए गए विवरण के अनुसार नवीनतम परिवर्तनों के साथ। विशिष्टता: उच्च तन्यता वाले बोल्ट और नट के तकनीकी गुण क्रमश: IS: 1367 (भाग-3): 2017 और IS: 1367 (भाग-6): 2018 के अनुसार हैं। IRS विशिष्टता : IRS-T-23-2021, नवीनतम परिवर्तनों के साथ ट्रैक बोल्ट और नट के लिए रेलवे मानक विशिष्टता। [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख से 30 महीने बाद]। निविदा में भाग लेने के लिए "निविदाकर्ताओं/बीडर्स कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ।

नोट : विवरण से संबंधित विवादास्पद मामले में मूल अंग्रेजी पाठ प्रमाणिक मानी जाएगी।

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक,
सीपीआर/10/220 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

## युवा क्रिकेट

# ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम में भारतीय मूल के दो खिलाड़ी को मिली जगह

सितंबर में युवा टीम जाएगी ऑस्ट्रेलिया, वन डे और टेस्ट सीरीज में लेगी हिस्सा





एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

भारतीय मूल के दो क्रिकेटरों आर्यन शर्मा और यश देशमुख को अगले महीने भारत अंडर-19 टीम के खिलाफ होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया।

शर्मा जहां विक्टोरिया के बल्लेबाज हैं, वहीं ऑलराउंडर देशमुख न्यू साउथ वेल्स के उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें टीम में चुना गया है। इस टीम को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच टिम नीलसन कोचिंग देंगे। श्रृंखला की शुरुआत 21, 24 और 26 सितंबर को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में खेले जाने वाले तीन एकदिवसीय मैचों से होगी। इसके बाद 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक ब्रिस्बेन में और 7 से 10 अक्टूबर तक मैकाय में दो चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे। नीलसन की अंडर-19 टीम के कोच के रूप में यह पहली श्रृंखला होगी। वह इससे पहले 2007 से 2011 तक ऑस्ट्रेलिया की सीनियर पुरुष टीम के कोच रह चुके हैं।

### ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम

साइमन बज, एलेक्स टर्नर, स्टीव होगन, विल मालजचुक, यश देशमुख, टॉम होगन, आर्यन शर्मा, जॉन जेम्स, हेडन शिलर, चार्ल्स लैचमुंड, बेन गॉर्डन, विल बायरोम, केसी बार्टन, एलेक्स ली यंग, जेडन ड्रेपर। रिजर्व: जेड हॉलिक, टॉम पैडिंगटन, जूलियन ओसबोर्न।



# नशे की लत पूरी करने पूर्व डिप्टी सीएम के घर से की थी मूर्ति की चोरी

**अंबिकापुर।** पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के कोठीघर से हाथी की पीतल की मूर्ति चोरी करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी आदतन नशेडी हैं और नशीला इंजेक्शन खरीदने के लिए ही मूर्ति चोरी की थी। बताया जा रहा है कि पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि खैरबार नहर के समीप दो युवक नशीला इंजेक्शन बिक्री के लिए ग्राहक का इन्तजार कर रहे है। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर मोमिनपुरा अयान मार्ग निवासी 27 वर्षीय शरीफउल्ला खान आ. स्व. कलामउल्ला खान व 27 वर्षीय मो. राजूल अंसारी आ. मुख्तार अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 सौ नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। पुलिस ने जब मामले में युवकों से गहनता से पूछताछ की तो उन्होंने शरीफउल्ला ने कोठी घर से पीतल की मूर्ति चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार शरिफउल्ला खान ऑटो चालक है और नशे का आदि है। एक माह पहले घुमते फिरसे समय उसने कोठीघर के पोर्च में रखा पीतल की मूर्ति को देखा था। इसी रविवार को नशीला इंजेक्शन खरीदने के लिए उसे रुपए की जरूरत थी इसलिए कोठी घर में घुसकर रात 12 बजे मूर्ति की चोरी कर ली और चोरी की मूर्ति को अपने दोस्त साकिर हुसैन के बिरयानी दुकान में छिपाकर रखा था।







## कटर मशीन से किए टुकड़े

पुलिस के अनुसार आरोपी शरीफउल्ला खान ने अपने अपने मित्र राजुल अंसारी से मूर्ति काटने के लिए कटर मशीन मांगा और दोनों ने मिलकर मटर मशीन से पीतल की मूर्ति को टुकड़ों में काट दिया। आरोपियों ने पीतल के हाथी की मूर्ति को टुकड़ों में काटकर कबाड़ी इमरान मालिक को 72 सौ रुपए में बेच दिया। और इसी रुपए से उन्होंने झारखंड से जाकर 220 नग नशीला इंजेक्शन खरीदा था। इनमें से कुछ इंजेक्शन आरोपियों ने उपयोग किया जबकि 200 नग इंजेक्शन पुलिस ने बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने मोमिनपुरा अयान मार्ग निवासी 27 वर्षीय शरिफउल्ला खान आ. स्व. कलामउल्ला खान व 27 वर्षीय मो. राजूल अंसारी आ. मुख्तार अंसारी, मेरठ लखीपूरा हाल मुकाम दर्रीपारा निवासी इमरान आ. जीमल व यूपी अजीबनगर हाल मुकाम बिलासपुर चौक निवासी 42 वर्षीय शाकिर हुसैन आ. जाहिर हुसैन को चोरी और एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, उनि सम्पत पोटाई, प्रधान आरक्षक अजय पाण्डेय, आरक्षक देवेंद्र पाठक, अमित विश्वकर्मा, दीपक पाण्डेय, नितिन सिन्हा, शिव राजवाड़े, मंटूलाल गुप्ता, मनीष सिंह, रमेश राजवाड़े सक्रिय रहे।

## चल रही है जांच

पीतल की हाथी चोरी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने हाथी की मूर्ति को टुकड़ों के रूप में जब्त किया है। शरीफउल्लाह ने मूर्ति चोरी के बाद 72 सौ रुपए में बेच दिया था। आरोपी आदतन नशेड़ी है और उनके पास से 200 नग नशे का इंजेक्शन बरामद किया गया है। प्रकरण में विवेचना चल रही है।

**अमोलक सिंह ढिल्लो**
एएसपी सरगुजा

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

**हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था मामला**

# करेंट से लगातार हो रहे हादसे प्रदेशभर के 40 हजार से अधिक स्कूलों का अधिकारी करेंगे निरीक्षण

**बिलासपुर।** सेंदरी स्थित स्वामी आत्मानंद प्राथमिक स्कूल में करंट फैल रहा है। इसकी चपेट में बच्चे आ रहे हैं। चौथी क्लास के एक बच्चे निलेश पटेल को निजी अस्पताल में भर्ती भी कराया गया है। बच्चों ने बताया कि इस तरह दीवारों में करंट लगातार फैल रहा है जिससे की क्लास अटेंड करने में खतरा भी है। बताया जा रहा है कि लगातार हो रही बारिश के कारण करंट पूरी दीवार में फैल गया। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक इसकी जानकारी शिक्षा विभाग को दे दी गई है। हरिभूमि ने इस खबर को प्रकाशित किया था। हाईकोर्ट ने इसे संज्ञान में लेते हुए शिक्षा सचिव से जवाब मांगा था। शिक्षा विभाग की ओर से कहा गया है कि सीएसपीडीसीएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर करंट प्रवाहित कर रहे तार को काटा और खामी को सुधार दिया है। इसके साथ ही बिजली विभाग ने पाया कि स्कूल की छत पर बारिश का पानी जमा था, जिससे दीवारें गीली हो गई थीं। बिजली का एलटी लाइन का तार दीवार से सटकर गुजर रहा था और इससे ही छात्र झुलसा था।



**हाईकोर्ट ने लिया मामले में संज्ञान**

स्कूल शिक्षा विभाग ने हाईकोर्ट में हलफनामा भी दिया है औक बताया कि प्रदेश में 45 हजार से अधिक स्कूल हैं। यहां हाइटेंशन लाइनें, रिसाव और जर्जर वायरिंग जैसी समस्याओं को लेकर निरीक्षण करने को कहा गया है। सभी स्कूलों का प्रारंभिक निरीक्षण कर कार्य योजना तैयार करने के लिए दो महीने का समय मांगा गया है। हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा मामला है और इसमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इसके साथ ही बिजली विभाग के अधिकारियों ने शपथ पत्र देकर बताया है कि इंशुलेटर और वायरिंग की खामी की वजह से दीवारों में करंट आ रहा था। सीएसपीडीसीएल के अधिकारी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी तकनीकी खामियों को ठीक कर दिया है। ध्यान रहे कि बारिश के सीजन में करंट जल्दी फैलने की आशंकाओं के बीच शहर व अंचल में कई सरकारी स्कूलों में बच्चे खतरे के बीच पढ़ाई कर रहे हैं।

## पेड़ों की कटाई-छंटाई आवश्यक

दरअसल हरियाली महोत्सव व अन्य आयोजनों के दौरान स्कूलों के परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है। समय बीतने के साथ ये पौधे अब पेड़ का रूप लेते जा रहे हैं। इनकी ऊंचाई बढ़ने से ये बिजली लाइन के करीब तक पहुंच गए हैं। ऐसे में कटाई-छंटाई आवश्यक हो गई है।

## स्कूल परिसर में खुले पड़े हैं डिब्बे

शहर व अंचल में कई स्कूल भवन ऐसे भी हैं जिनके परिसर में या फिर आसपास ट्रांसफार्मर के डिब्बे खुले पड़े हैं। स्कूलों के शिक्षक और प्रबंधन ने कई बार विद्युत विभाग को आवेदन देकर ट्रांसफॉर्मर को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, अब पुरानी सेवा के आधार पर मिलेगा क्रमोन्नति का लाभ

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के हजारों शिक्षकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। बिलासपुर हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि शिक्षा विभाग में संविलियन से पहले की सेवा भी क्रमोन्नति (प्रोमोशन) के लिए मान्य होगी। इस फैसले से प्रदेश के लगभग 1.5 लाख शिक्षकों को सीधा फायदा मिलेगा, जो लंबे समय से क्रमोन्नति से वंचित थे।

- फैसले से प्रदेश के लगभग 1.5 लाख शिक्षकों को सीधा फायदा मिलेगा

यह फैसला महासमुंद जिले के सहायक शिक्षक (एलबी) साजिद खान कुरैशी और 36 अन्य शिक्षकों की याचिका पर सुनाया गया। इन शिक्षकों की नियुक्ति 2001 से 2005 के बीच पंचायत शिक्षक के रूप में हुई थी और 2018 में इनका संविलियन शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक (एलबी) के तौर पर किया गया।

दरअसल शासकीय नियमों के अनुसार, किसी भी कर्मचारी को 10 वर्ष की सेवा पर पहली और 20 वर्ष की सेवा पर दूसरी क्रमोन्नति दी जाती है लेकिन जब इन शिक्षकों ने क्रमोन्नति की मांग की, तो जनपद पंचायत बागबाहरा के सीईओ ने यह कहकर इनकार कर दिया कि 2018 से पहले की सेवा मान्य नहीं है। इसके खिलाफ शिक्षकों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और 'सोना साहू प्रकरण' का हवाला दिया, जिसमें हाईकोर्ट ने पुरानी सेवा को मान्यता देकर क्रमोन्नति का लाभ देने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने शिक्षकों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए जनपद पंचायत के आदेश को अवैध ठहराया और निर्देश दिया कि सभी शिक्षकों को उनकी पूर्व सेवा की गणना करते हुए क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ तुरंत दिया जाए।

# बच्चों को अलग ढंग से ट्रेनिंग दे रहे मां-बाप रात 2 बजे तक जागता है परिवार

**न्यूयार्क।** भारतीय घरों में अक्सर माता-पिता बच्चों को देर रात तक जागने पर डांटते हैं, मगर विदेशों में ऐसा नहीं है, वो अपनी मर्जी के मालिक बन जाते हैं और फिर मां-बाप भी उन्हें कुछ नहीं कहते। मगर, अमेरिका की एक फैमिली तो सबसे अलग है। यहां माता-पिता और बच्चे सभी देर रात तक जगते हैं और माता-पिता बच्चों को खुद देर तक जगने के लिए प्रेरित करते हैं। अमेरिका के न्यू मैक्सिको राज्य के क्लोविस शहर में रहने वाले एमिली बोअज़मैन और उनके पति जेक ने अपने बच्चों की परवरिश एक अनोखे तरीके से करने का फैसला किया है। 35 वर्षीय एमिली और 44 वर्षीय जेक खुद 'नाइट आउल' यानी देर रात तक जागने की आदत वाले लोग हैं, और यही रूटीन उन्होंने अपने बच्चों के साथ भी अपना लिया है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com